MINI SOO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)



MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2026-28 । रविवार, 08 नवंबर, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । Epaper : https://epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 12 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-306

जगमगाई रामनगरी

56 घाटों पर जले 36 लाख दीये

लखनऊ, 07 नवंबर (एजेंसियां)।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में शनिवार को 10वें दीपोत्सव का भव्य आयोजन हुआ।

सूर्यास्त होते ही सरयू नदी के किनारे बने 56 घाट लाखों दीयों की रोशनी से जगमगा उठे। इस दौरान 36 लाख से अधिक मिट्टी के दीये प्रज्वलित किए गए और पूरी रामनगरी अलौकिक रोशनी से नहा उठी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार दसवीं बार सरयू तट पर दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम की पैड़ी पर दीप जलाए।



दीपों की रोशनी में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

दीपोत्सव-2026 के दौरान अयोध्या में अद्भुत नजारा देखने को मिला। इस खूबसूरत दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। अयोध्या के स्थानीय निवासियों के साथ देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालु और विदेशों से पहुंचे पर्यटक भी दीपों से जगमगाती रामनगरी को निहारते रहे। इस दौरान चारों ओर 'श्रीराम, जय राम, जय जय राम' के जयकारे गूंजते रहे।अयोध्या के मंदिरों, छोटी गलियों, मुख्य सड़कों, सरकारी कार्यालयों और धार्मिक इमारतों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया था। नगरवासियों ने भी भगवान श्रीराम के स्वागत में अपने घरों में दीप जलाए।

56 घाटों पर दीप प्रज्वलन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आग्रह पर शनिवार को अयोध्या के घरों, मठ-मंदिरों, आश्रमों, चौराहों और सरकारी भवनों में भी दीप जलाए गए। राम की पैड़ी सहित 56 घाटों पर 36 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए।

मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के साथ की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ रामकथा पार्क में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान जी और ऋषि-मुनियों की आरती की। उन्होंने सभी को तिलक लगाया और फूलों की माला पहनाकर पूजा-अर्चना की। मंच पर मुख्यमंत्री, संतों और मंत्रियों ने भगवान श्रीराम का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक भी किया।

हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा, मुख्यमंत्री ने खींचा रथ

अवधपुरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जब पुष्पक विमान से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की भूमिका निभा रहे कलाकार उतरे तो हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री, कई मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने कलाकारों के रथ को भी खींचा। यह दृश्य देखकर श्रद्धालु भावुक हो गए और उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े।

सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

दीपोत्सव को देखते हुए अयोध्या में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे आयोजन क्षेत्र को 20 जोन और 53 सेक्टर में बांटा गया था।

सुरक्षा व्यवस्था में करीब 6 हजार पुलिसकर्मियों के साथ 20 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और 45 क्षेत्राधिकारी तैनात किए गए थे।

इसके अलावा प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) की 9 कंपनियां और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 3 कंपनियां तैनात थीं। उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की दो कमांडो टीमें भी सुरक्षा में लगाई गई थीं। सरयू नदी में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमें तैनात रहीं, जबकि तटबंधों पर पीएसी की बाढ़ नियंत्रण कंपनी को लगाया गया था।

दिवाली की बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं



सभी सुधी पाठकों, एजेंटों, हॉकरों, विज्ञापनदाताओं, विज्ञापन एजेंसियों व शुभचिंतकों को **शुभ-लाभ** की ओर से **दीपावली** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

प्रबंधक

अवकाश-सूचना

दीपावली के उपलक्ष्य में **शुभ-लाभ** कार्यालय में **रविवार और सोमवार दि. 08 और 09 नवंबर, 2026** को **अवकाश** रहेगा। शुभ-लाभ का अगला अंक बुधवार दि. 11 नवंबर, 2026 को आपके समक्ष प्रस्तुत होगा।

-प्रबंधक

बाबरी गिरी तो रो पड़ी सोनिया

इंदिरा का आपात फैसला गलत

नई दिल्ली, 07 नवंबर (एजेंसियां)।

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने अपनी संस्मरण पुस्तक में उत्तर भारत में आए राजनीतिक और सामाजिक बदलावों के साथ वर्ष 1992 में अयोध्या में एक मस्जिद के विध्वंस का जिक्र किया है। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने टेलीविजन पर अयोध्या में मस्जिद का विध्वंस होते देखा तो उनकी आंखों से आंसू निकल आए थे।

सोनिया गांधी ने कहा कि उस समय उन्हें एहसास हुआ कि महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और उनके सहयोगियों ने जिस धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के निर्माण का प्रयास



किया था, उसे बचाए रखने के लिए अब लंबी लड़ाई लड़नी होगी।

अयोध्या की घटना का किया जिक्र

सोनिया गांधी के अनुसार, उत्तर भारत में हो रहे बदलावों के बीच अयोध्या में स्थित एक मस्जिद को लेकर यह दावा लगातार जोर पकड़ रहा था कि उसका निर्माण एक प्राचीन हिंदू मंदिर के अवशेषों पर किया गया था। दक्षिणपंथी हिंदू राष्ट्रवादी संगठनों और राजनीतिक समूहों के बीच यह दावा तेजी से फैल रहा था।

उन्होंने बताया कि दिसंबर 1992 में इस आंदोलन के समर्थकों ने, जिनमें भारतीय जनता पार्टी के नेता भी शामिल थे, हिंसक तरीके से मस्जिद को ध्वस्त कर दिया। इस घटना को टेलीविजन पर देखते हुए वह भावुक हो गई थीं।

▶10पर







सेंटकाम का ऐलान – ईरान के परमाणु कार्यक्रम की जानकारी देने पर अमेरिका देगा 20 मिलियन डालर का इनाम

वाशिंगटन

ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका ने बड़ा कदम उठाया है। अमेरिकी सरकार ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी गोपनीय जानकारी देने वाले व्यक्ति को 20 मिलियन डालर यानी करीब 166 करोड़ रुपये का इनाम देने की पेशकश की है। इसके साथ ही जानकारी देने वाले व्यक्ति को जरूरत पड़ने पर किसी सुरक्षित स्थान पर बसाने का मौका भी दिया जा सकता है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) ने इसकी जानकारी दी।

बांग्लादेश की अंग्रेज़ी दैनिक समाचार पत्र द डेली स्टार ने बताया कि सेंटकाम ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया है कि अमेरिकी विदेश विभाग का रिवार्ड्स फार जस्टिस कार्यक्रम ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करना चाहता है। इसमें परमाणु ठिकानों, उपकरणों, गतिविधियों और परमाणु वैज्ञानिकों समेत इससे जुड़े लोगों की जानकारी शामिल है।

अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसी सूचनाएं हासिल करना है, जो अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और उसके नागरिकों के हितों की रक्षा में मदद कर सकें। यह इनाम कार्यक्रम 1984 में शुरू किया गया था। साथ ही कहा कि ईरान की ओर से अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किए जाने के कारण एजेंसी के पास ईरान के सेंट्रीफ्यूज जैसे महत्वपूर्ण उपकरणों के उत्पादन और भंडार की लगातार निगरानी से जुड़ी जानकारी उपलब्ध नहीं है।


हालांकि, अमेरिकी प्रशासन ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि 20 मिलियन डालर का इनाम पाने के लिए किस स्तर की जानकारी चाहिए। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि ईरान युद्ध समाप्त करने के लिए समझौता करना चाहता है। फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर हमला नहीं किया होता तो इजरायल का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता था।

ट्रंप ने कहा, हम अभी उनसे बातचीत कर रहे हैं। वे बहुत बुरी तरह से समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को भारी नुकसान पहुंचाया है। दूसरी ओर, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने भी इस सप्ताह कहा था कि उनकी सरकार बातचीत के जरिए संकट का समाधान निकालने की कोशिश कर रही है। युद्ध दोबारा शुरू होने की आशंका के बीच अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ कूटनीतिक प्रयास तेज कर रहे हैं। ट्रंप ने इससे पहले मध्य ईरान में स्थित संदिग्ध परमाणु ठिकाने पिकएक्स माउंटेन का भी जिक्र किया था।

न्यूज ब्रीफ

डब्ल्यूएचओ की कोरोना के नए वैरिएंट पर नजर, दिसंबर में होगी समीक्षा

मास्को। दुनियाभर में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ने लगी है। विश्व स्वास्थ्य



संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोविड-19 के नए स्ट्रेन पीजे.2.1 के बढ़ते प्रसार पर नजर रखनी शुरू कर दी है। संगठन के वैक्सीन विशेषज्ञ समूह ने कहा कि दिसंबर 2026 में होने वाली बैठक में इस वैरिएंट समेत अन्य नए स्ट्रेन के आंकड़ों की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद कोविड-19 वैक्सीन की संरचना को लेकर नई सिफारिशें जारी की जा सकती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक कोविड-19 वैक्सीन संरचना पर तकनीकी सलाहकार समूह (टैग-को-वैक) दिसंबर में पीजे.2.1, एसटी.1 और एसडब्ल्यू.2.1 वैरिएंट से जुड़े उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण करेगा। इस दौरान विशेषज्ञ इन वैरिएंट के आनुवंशिक बदलाव, संक्रमण के प्रसार, एंटीजेनिक विशेषताओं और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर उनके प्रभाव का अध्ययन करेंगे। इसके साथ ही मौजूदा वैक्सीन इन नए वैरिएंट के खिलाफ कितनी प्रभावी हैं, इसका भी आकलन किया जाएगा। इससे पहले डब्ल्यूएचओ के रूसी कार्यालय ने नए कोरोना स्ट्रेन पीजे.2.1 के वैश्विक स्तर पर फैलने की आशंका जताई थी। संगठन ने कहा था कि वह इस वैरिएंट की गतिविधियों और संक्रमण के प्रसार पर लगातार नजर रख रहा है। डब्ल्यूएचओ का तकनीकी सलाहकार समूह समय-समय पर कोविड-19 वैक्सीन की संरचना की समीक्षा करता है, ताकि बदलते वायरस के अनुरूप टीकों को अपडेट करने के बारे में सुझाव दिए जा सकें।

सीओपी31 में शामिल होने तुर्किये रवाना होंगे नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल

काठमांडू। नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल 31वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन



(सीओपी31) में हिस्सा लेने के लिए 7 नवंबर को नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए तुर्किये के अंताल्या रवाना होंगे। संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन 9 से 20 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार, विदेश मंत्री खनाल 9 नवंबर को सीओपी31 के उद्घाटन पूर्ण सत्र को संबोधित करेंगे। विदेश मंत्री 11 व 12 नवंबर को आयोजित होने वाले नेताओं के शिखर सम्मेलन (लीडर्स समिट) में भी हिस्सा लेंगे। इसके अलावा, विदेश मंत्री खनाल कई उच्चस्तरीय कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। इनमें नेपाल, ताजिकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, भूटान और पाकिस्तान की संयुक्त मेजबानी में आयोजित होने वाला पर्वतीय एजेंडे को आगे बढ़ाना : जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव, ग्लेशियर, क्रायोस्फीयर, लचीलापन, साझा जिम्मेदारी और सतत वित्तपोषण विषयक कार्यक्रम भी शामिल है। उनके कार्यक्रम में कई अन्य साइडलाइन बैठकें भी शामिल हैं। इस दौरान वह विभिन्न देशों के अपने समकक्षों और अन्य विशिष्ट प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय मुलाकातें भी करेंगे। इसके बाद वह 14 नवंबर को स्वदेश लौटेंगे। नेपाली प्रतिनिधिमंडल में कृषि, वन एवं पर्यावरण मंत्री गीता चौधरी, राष्ट्रीय योजना आयोग के सदस्य प्रो. डा. संजय आचार्य, कृषि, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के सचिव डा. राजेंद्र प्रसाद मिश्र सहित सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

भारतीय मूल की सबा हैदर ने अमेरिका में जीता चुनाव, यूपी के बुलंदशहर से है नाता

न्यूयार्क। भारत में जन्मी डेमोक्रेट सबा हैदर ने इलिनाय प्रतिनिधि सभा का चुनाव जीत लिया है और इसके साथ



ही वह राज्य की जनरल असेंबली के लिए चुनी जाने वाली पहली दक्षिण एशियाई महिला बन गई हैं। सबा हैदर ने 3 नवंबर को हुए अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में बड़ी जीत हासिल की। उन्हें कुल 70.9 फीसदी वोट मिले। हैदर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि हमने यह कर दिखाया। पिछले 15 महीनों से हमने 84वें डिस्ट्रिक्ट के हर कोने में मतदाताओं तक पहुंच बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने कहा कि हमने यह जानने की कोशिश की कि उनके लिए क्या मायने रखता है, वे किन बदलावों की उम्मीद करते हैं और मजबूत, समृद्ध और ज्यादा समावेशी समुदाय बनाने के लिए हम किस तरह मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने मतदाताओं, परिवार के सदस्यों, दोस्तों, चुनाव प्रचार अभियान से जुड़े लोगों और स्वयंसेवकों का आभार जताया। उन्होंने अपने चुनाव अभियान को जमीनी स्तर पर लोगों की भागीदारी से संचालित आंदोलन बताया। उन्होंने कहा कि आखिरकार यह चुनाव उन लोगों के बारे में था, जो इस समुदाय को अपना घर कहते हैं। यह उस भविष्य के निर्माण की कोशिश थी, जिसके हम सभी हकदार हैं। सबा ने कहा कि उनकी जीत उन सभी लोगों की जीत है, जो ऐसे इलिनाय में विश्वास करते हैं, जहां सभी के साथ निष्पक्षता और न्याय हो और हर किसी का स्वागत किया जाए। इलिनाय की विधायिका में शामिल होने से पहले सबा हैदर ड्यूपेज काउंटी बोर्ड की सदस्य और सामुदायिक कार्यकर्ता के रूप में काम कर चुकी हैं। भारत में जन्मी सबा हैदर का परिवार यूपी के बुलंदशहर जिले से ताल्लुक रखता है। वह करीब 20 साल पहले अमेरिका चली गई थीं।

एम्स्टर्डम में माइक्रोसाफ्ट के डेटा सेंटर पर प्रदर्शनकारियों का कब्जा, आंसू गैस छोड़कर पुलिस ने खदेड़ा

एम्स्टर्डम

नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टर्डम में माइक्रोसाफ्ट के डेटा सेंटर निर्माण को लेकर बड़ा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने निर्माण स्थल में घुसकर जमकर विरोध जताया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और डच पुलिस के बीच झड़प हो गई। हालात काबू में करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस और लाठियों का इस्तेमाल किया। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार भी किया है। झड़प में एक पुलिस अधिकारी को मामूली चोट आई है।



रूस की अंतरराष्ट्रीय समाचार टेलीविजन नेटवर्क रशिया टुडे (आरटी) ने डच मीडिया के हवाले से बताया कि, प्रदर्शनकारियों ने एम्स्टर्डम के स्लाटरडिज्क इलाके में बन रहे डेटा सेंटर की सुरक्षा बाड़ को एंगल ग्राइंडर से काट दिया। कुछ प्रदर्शनकारी बाड़ के ऊपर से कूदकर निर्माण स्थल के अंदर पहुंच गए। आयोजकों के अनुसार, दोपहर तक करीब 500 प्रदर्शनकारी प्रतिबंधित क्षेत्र में दाखिल हो चुके थे। प्रदर्शनकारियों ने वहां फ्लेयर्स जलाए, दीवारों पर ग्रैफिटी बनाई और क्रेन तथा मचान पर चढ़कर बैनर लहराए।

यह डेटा सेंटर परिसर 78 मेगावाट क्षमता का बताया जा रहा है। इसमें तीन टावर बनाए जा रहे हैं, जिन्हें प्योर डेटा सेंटर्स कंपनी माइक्रोसाफ्ट के लिए तैयार कर रही है। प्रदर्शनकारी इस परियोजना को रोकने की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि बड़े डेटा सेंटर भारी मात्रा में बिजली और पानी की खपत करते हैं। इससे स्थानीय लोगों के संसाधनों पर दबाव बढ़ सकता है। जलवायु संगठन फासिलब्रीज नीदरलैंड ने भी निर्माण स्थल के बाहर अलग से विरोध प्रदर्शन आयोजित किया, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए।

प्रदर्शन के दौरान फिलिस्तीन के झंडे भी लहराए गए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने माइक्रोसाफ्ट पर इजरायली सेना और अमेरिकी आव्रजन एजेंसी को तकनीकी सेवाएं देने को लेकर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि डेटा सेंटर का इस्तेमाल निगरानी और सैन्य गतिविधियों में भी किया जा सकता है।

स्थिति बिगड़ने पर दंगा-रोधी पुलिस मौके पर पहुंची। निर्माण स्थल खाली करने से इनकार करने वाले प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस और लाठियों का इस्तेमाल किया। बिना अनुमति निर्माण स्थल में प्रवेश करने के आरोप में कई लोगों को हिरासत में लेकर बसों से वहां से ले जाया गया।

माइक्रोसाफ्ट ने कहा कि वह परियोजना को लेकर लोगों की चिंताओं और विरोध के अधिकार का सम्मान करता है। हालांकि, कंपनी ने कानून का उल्लंघन करने और लोगों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली गतिविधियों का समर्थन नहीं किया। एम्स्टर्डम में हुआ यह विरोध प्रदर्शन स्टाप डर्टी डेटा सेंटर्स नामक यूरोपीय अभियान का हिस्सा है। इसमें 100 से अधिक नागरिक संगठनों और समूहों के शामिल होने की बात कही गई है। 6 और 7 नवंबर को ब्रिटेन, स्पेन, आयरलैंड, पोलैंड, क्रोएशिया, डेनमार्क और फ्रांस समेत 16 देशों में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाने की योजना है। प्रदर्शनकारी यूरोप में बड़े डेटा सेंटर निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक बिजली, पानी, पर्यावरण और स्थानीय समुदायों से जुड़ी चिंताओं का समाधान नहीं होता, तब तक ऐसी परियोजनाओं को मंजूरी नहीं मिलनी चाहिए। दरअसल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल के कारण बड़ी टेक कंपनियां डेटा सेंटर का विस्तार कर रही हैं। हालांकि, इन परियोजनाओं में बिजली और पानी की भारी खपत को लेकर दुनिया के कई देशों में विरोध बढ़ता जा रहा है।

व्हाइट हाउस में ट्रंप ने मनाई दिवाली, भारतीय हस्तियों ने भेंट की हनुमान चालीसा



वाशिंगटन

अमेरिका के व्हाइट हाउस में भी दिवाली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस खास मौके पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल के लोगों के साथ ओवल आफिस में दिवाली मनाई। समारोह के दौरान पारंपरिक तरीके से दीपक जलाए गए। वहीं, भारतीय टेक उद्यमी विशाल गोंडल ने राष्ट्रपति ट्रंप को हनुमान चालीसा की एक प्रति भेंट की। इस आयोजन में भारत की संस्कृति और परंपराओं की खास झलक देखने को मिली।

भारतीय टेक उद्यमी और जीओक्यूआईआई के संस्थापक विशाल गोंडल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर समारोह की तस्वीरें और अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ दिवाली मनाना उनके लिए सम्मान की बात है। इस अवसर पर उन्होंने ट्रंप को हनुमान चालीसा भेंट की, जिसका पाठ करोड़ों लोग साहस, भक्ति और शक्ति की प्रेरणा के लिए करते हैं। गोंडल ने बताया कि जब ओवल आफिस में दीपक जलाए जा रहे थे, तब उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती को और मजबूत बनाने की प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने दुनिया में शांति, समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। विशाल गोंडल ने अपने संदेश में भारतीय परंपरा के लोकप्रिय आशीर्वाद जुग-जुग जियो का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इसका अर्थ है कि व्यक्ति लंबे समय तक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जिए। उन्होंने दिवाली के अवसर पर पूरी दुनिया के लोगों के लिए शांति और खुशहाली की कामना की। व्हाइट हाउस में आयोजित इस दिवाली समारोह में मशहूर मिशेलिन स्टार शेफ विकास खन्ना और कनाडा की पूर्व सांसद रूबी ढल्ला समेत भारतीय मूल की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं।

सभी ने मिलकर रोशनी के इस पर्व का उत्सव मनाया। ओवल आफिस में दिवाली का यह आयोजन भारत और अमेरिका के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक माना जा रहा है। इस समारोह के जरिए अमेरिकी राष्ट्रपति भवन में भारतीय परंपराओं, आस्था और सांस्कृतिक विरासत की खूबसूरत झलक देखने को मिली।

नेपाल में मनाया जा रहा काग तिहार, कौओं को पकवान खिलाकर की जा रही पूजा



काठमांडू। नेपाल में कौओं को स्वादिष्ट पकवान खिलाकर काग तिहार मनाया जा रहा है। हिंदू धार्मिक मान्यता के अनुसार, कौए को मृत्यु और न्याय के देवता यमराज का संदेशवाहक माना जाता है। काग तिहार तेरस (त्रयोदशी) के दिन मनाया जाता है। यह रोशनी के पर्व तिहार के पांच दिवसीय उत्सव यानी यमपंचक का एक हिस्सा है। नेपाल पंचांग निर्णायक विकास समिति के अध्यक्ष डा. पुरुषोत्तम भट्टराई ने बताया कि धार्मिक शास्त्रों के अनुसार काग तिहार त्रयोदशी के दिन सुबह मनाया जाना चाहिए। इसी मान्यता के आधार पर काग तिहार मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर कागेश्वरी मनोहरा नगरपालिका स्थित कागेश्वरी महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। इसी तरह, हनुमानढोका स्थित कागेश्वरी मंदिर में भी कौओं की विशेष पूजा की जाती है। तिहार पर्व के पीछे धार्मिक मान्यता है कि यमराज बुरे कर्म करने वालों को दंडित करते हैं, जबकि अच्छे कर्म करने वालों की रक्षा करते हुए धर्मराज का रूप धारण करते हैं।

ईरान का बड़ा दावा - केशम द्वीप के ऊपर अमेरिका का 16वां एमक्यू-1 ड्रोन मार गिराया

तेहरान

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) ने बड़ा दावा किया है। आईआरजीसी के मुताबिक, उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने होर्मुज जलडमरूमध्य के केशम द्वीप के ऊपर अमेरिका के एक एमक्यू-1 टोही और लड़ाकू ड्रोन को मार गिराया है। ईरान का दावा है कि यह उसकी एयर डिफेंस प्रणाली द्वारा नष्ट किया गया अमेरिका का 16वां एमक्यू-1 ड्रोन है। ईरान सरकार की अंतरराष्ट्रीय समाचार नेटवर्क प्रेस टीवी ने आईआरजीसी के जनसंपर्क कार्यालय के हवाले से बताया कि जारी बयान में कहा कि अमेरिकी ड्रोन को उसकी एयरोस्पेस फोर्स द्वारा संचालित अत्याधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम ने निशाना बनाया। यह सिस्टम ईरान के एकीकृत वायु रक्षा नेटवर्क के तहत काम करता है। बयान में कहा गया कि ईरानी सेना दुश्मन की हवाई गतिविधियों, निगरानी अभियानों और ड्रोन की उड़ान पर लगातार नजर रख रही है। आईआरजीसी ने अमेरिकी सेंट्रल कमांड के कमांडर ब्रैड कूपर पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिकी टोही मिशनों की लगातार विफलता उनके नेतृत्व पर सवाल खड़े करती है।

इससे पहले भी आईआरजीसी ने केशम द्वीप के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को नष्ट करने का दावा किया था। उस समय इसे इस तरह का



15वां ड्रोन बताया गया था। एमक्यू-1 प्रीडेटर अमेरिका का रिमोट से संचालित टोही और लड़ाकू विमान है। इसे जनरल एटामिक्स कंपनी ने विकसित किया था। यह मध्यम ऊंचाई पर लंबे समय तक उड़ान भरने और निगरानी करने में सक्षम है।

अमेरिकी वायु सेना ने वर्ष 2018 में अपने एमक्यू-1 प्रीडेटर बेड़े को सेवा से हटा दिया था और उसकी जगह अधिक आधुनिक एमक्यू-9 रीपर ड्रोन का इस्तेमाल शुरू किया था।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण हो गया है। यह दुनिया के प्रमुख समुद्री व्यापारिक मार्गों में शामिल है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है।

ईरान का दावा है कि इस समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी उसकी नौसेना और आईआरजीसी नौसेना के पास है। तेहरान ने यहां से गुजरने वाले जहाजों पर भी निगरानी और नियंत्रण बढ़ाने की बात कही है।

फिलहाल, अमेरिकी ड्रोन को मार गिराने के ईरानी दावे पर अमेरिकी पक्ष की स्वतंत्र पुष्टि सामने नहीं आई है। इस घटना से क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव बढ़ने की आशंका और गहरा गई है।

रूस-अमेरिका-यूक्रेन के बीच 10-11 नवंबर को अबू धाबी में होगी त्रिपक्षीय वार्ता : पुतिन

मास्को

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को खत्म करने की दिशा में एक बार फिर कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पुष्टि की है कि रूस, अमेरिका और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों के बीच बातचीत का अगला दौर 10 और 11 नवंबर को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में होगा। इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य युद्ध को समाप्त करने, तनाव कम करने और शांति का रास्ता तलाशने पर चर्चा करना है।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के हवाले से रूस की अंतरराष्ट्रीय समाचार टेलीविजन नेटवर्क रशिया टुडे (आरटी) तथा तुर्किए की सरकारी समाचार एजेंसी अनाडोलू ने बताया कि, पुतिन ने रूस की सुरक्षा परिषद के



सदस्यों के साथ बैठक के दौरान इस बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंगलवार को वार्ता शुरू होने की उम्मीद है और इसके लिए उन्होंने रूसी प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने वाले अधिकारियों को भी बैठक में बुलाया है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव के अनुसार, अबू धाबी में होने वाली बातचीत में रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति के सहयोगी व्लादिमीर मेडिंस्की करेंगे। इससे पहले भी मेडिंस्की यूक्रेन के साथ कई दौर की शांति वार्ताओं में रूस का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। बैठक में रूसी सुरक्षा परिषद से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इनमें यूरी उशाकोव, मिखाइल गलुज़िन, सर्गेई रयाबकोव और सैन्य खुफिया प्रमुख इगोर कोस्त्युकोव शामिल हैं। अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने पहले बताया था कि बातचीत में युद्ध के बाद की सुरक्षा व्यवस्था, तनाव कम करने के उपाय, मानवीय सहायता और स्थायी शांति की दिशा में आगे के कदमों पर चर्चा होगी। अमेरिका की ओर से इस वार्ता को युद्ध समाप्त करने के प्रयासों में अहम माना जा रहा है। हालांकि, रूस ने यूरोपीय देशों की सीधी भागीदारी का विरोध किया है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन पहले भी कह चुके हैं कि उनका देश बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन किसी अस्थायी संघर्ष विराम के पक्ष में नहीं है। मास्को का कहना है कि स्थायी शांति समझौते में संघर्ष के मूल कारणों और रूस की सुरक्षा चिंताओं को भी शामिल किया जाना चाहिए। अबू धाबी में होने वाली यह त्रिपक्षीय वार्ता रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

आज का राशिफल

मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

अपने सामाजिक जीवन को दरकिनार न करें। अपनी व्यस्त दिनचर्या में से थोड़ा-सा समय निकालकर अपने परिवार के साथ किसी आयोजन में शिरकत करें। यह न सिर्फ़ आपका दबाव कम करेगा, बल्कि आपकी झिझक भी मिटा देगा। मुमकिन है कि आपके आँसुओं को पोंछने के लिए कोई ख़ास दोस्त आगे आए। अगर आपको लगता है कि आप दूसरों की मदद के बिना महत्वपूर्ण कामों को कर सकते हैं, तो आपकी सोच काफ़ी ग़लत है। हवन पूजा आदि का आयोजन घर मे होगा।

वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

आप मानें या न मानें, आपके आस-पास को बड़े ग़ौर से आपको देख रहा है और आपको एक आदर्श मानता है। इसलिए ऐसे काम करें, जो क़ाबिले-तारीफ़ हों और आपकी प्रतिष्ठा को बढ़ाएँ। अपने प्रेम-प्रसंग के बारे में इधर-उधर ज़्यादा बातें न करें। काम में आपकी दक्षता की आज परीक्षा होगी। इच्छित परिणाम देने के लिए आपको अपनी कोशिशों पर एकाग्रता बनाए रखने की ज़रूरत है। आज लोग आपकी वह प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे। अगर आप जीवनसाथी के अलावा किसी और को अपने ऊपर असर डालने का मौक़ा दे रहे हैं, तो जीवनसाथी की ओर से आपको नकारात्मक प्रतिक्रिया मिलना संभव है।

मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह

दोस्तों की मदद से वित्तीय कठिनाईयाँ हल हो जाएंगी। अपने घर के वातावरण में कुछ बदलाव करने से पहले आपको सभी की राय जानने की कोशिश करनी चाहिए। नये रोमांस की संभावना प्रबल है, कार्यक्षेत्र में आज आप अपने काम में प्रगति देखेंगे। दिन अच्छा है दूसरों के साथ-साथ आप अपने लिए भी वक्त निकाल पाएंगे। अपने जीवनसाथी के साथ आप प्यार भरे पुराने दिन एक बार फिर जी पाएंगे।

कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

अगर आप छात्र हैं और विदेशों में जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं तो घर की आर्थिक तंगी आज आपके माथे पर शिकन ला सकती है। अपने परिवार के साथ रुखा व्यवहार न करें। यह पारिवारिक शान्ति को भंग कर सकता है। ख़ुशी के लिए नए संबंध की प्रतीक्षा करें। आपके साझीदार आपकी नई योजनाओं और विचारों का समर्थन करेंगे। जो भी आपसे मिले, उसके साथ विनम्र और सुखद व्यवहार करें। बहुत कम लोग ही आपके इस आकर्षण का राज़ जान पाएंगे। आपका जीवनसाथी किसी फ़रिश्ते की तरह आपका बहुत ध्यान रखेगा।

सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

आज निवेश के जो नए अवसर आपकी ओर आएँ, उनपर विचार करें। लेकिन धन तभी लगाएँ जब आप उन योजनाओं का भली-भांति अध्ययन कर लें। रिश्तेदारों के यहाँ जाना उससे काफ़ी बेहतर रहेगा, जितना आप सोच सकते हैं। आपका संगी आपका भला सोचता है इसलिए कई बार आप पर गुस्सा भी कर बैठता है, उनके गुस्से पर नाराज होने से बेहतर यह होगा कि आप उनकी बातों को समझें। व्यावसायिक साझीदार सहयोग करेंगे और आप साथ मिलकर टलते आ रहे कामों को पूरा कर सकते हैं। किसी ख़ूबसूरत याद के कारण आपके और आपके जीवनसाथी के बीच की अनबन रुक सकती है।

कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

अध्यात्म की सहायता लेने का सही समय है, क्योंकि मानसिक तनाव को मार भगाने के लिए यह सबसे बेहतरीन विकल्प है। ध्यान और योग आपकी मानसिक मज़बूती को बढ़ाने में कारगर रहेंगे। वे निवेश-योजनाएँ जो आपको आकर्षित कर रहीं हैं, उनके बारे में गहराई से जानने की कोशिश करें- कोई भी क़दम उठाने से पहले विशेषज्ञ की सलाह ज़रूर ले लें। संयम और साहस का दामन थामे रखें। ख़ास तौर पर तब जब दूसरे आपका विरोध करें, जिसकी कामकाज के दौरान संभावना है। घर के छोटे सदस्यों को साथ लेकर आज आप किसी पार्क या शॉपिंग मॉल में जा सकते हैं।

तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

आर्थिक जीवन की स्थिति आज अच्छी नहीं कही जा सकती आज आपको आपको बचत करने में मुश्किलें आ सकती हैं। सैर-सपाटे पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है, जो आपकी ऊर्जा और उत्साह को तरोताज़ा कर देगा। आप अपने मातहतों से नाख़ुश हो सकते हैं, क्योंकि वे उम्मीद के मुताबिक़ काम नहीं कर रहे हैं। इस राशि वालों को आज के दिन अपने लिए समय निकालने की शख़्त जरुरत है अगर आप ऐसा नहीं करते तो आपको मानसिक परेशानियां हो सकती हैं। आप और आपका जीवनसाथी मिलकर वैवाहिक जीवन की बेहतरीन यादें रचेंगें

वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। समय और धन की कद्र आपको करनी चाहिए नहीं तो आने वाला वक्त परेशानियों भरा रह सकता है। अगर आप अपने साथी के नज़रिए को नज़रअंदाज़ करेंगे, तो वह अपना आपा खो सकता/सकती है। जो आपकी सफलता के आड़े आ रहे थे, वे आपकी आँखों के सामने ही नीचे को खिसकेंगे। इस राशि के जातक आज के दिन अपने भाई-बहनों के साथ घर पर कोई मूवी या मैच देख सकते हैं। ऐसा करके आप लोगों के बीच प्यार में इजाफा होगा। लेकिन जीवनसाथी की ओर से इससे निबटने में काफ़ी मदद मिलेगी।

धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

यात्रा आपको थकान और तनाव देगी- लेकिन आर्थिक तौर पर फ़ायदेमंद साबित होगी। नवजात शिशु की ख़राब तबियत परेशानी का सबब बन सकती है। इस ओर तुरंत ध्यान देने की ज़रूरत है। डॉक्टर से भली-भांति सलाह लें, क्योंकि ज़रा-सी लापरवाही बीमारी को बद से बदतर बना सकती है। मतभेद के चलते व्यक्तिगत संबंधों में दरार पड़ सकती है। अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल पेशेवर मामलों को सहजता से सुलझाने में करें। छात्रों को सलाह दी जाती है कि यारी-दोस्ती के चक्कर में इन कीमती पलों को खराब न करें।

मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है। आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। जिन लोगों ने अपना पैसा सट्टेबाजी में लगा रखा था आज उन्हें नुक्सान होने की संभावना है। सट्टेबाजी से दूर रहने की आपको सलाह दी जाती है। नवयुवकों को स्कूल प्रोजेक्ट की बाबत कुछ राय लेने की ज़रूरत हो सकती है। यह दिन बेहतरीन दिनों में से एक हो सकता है। आज दिन में आप कई अच्छे प्लान भविष्य के लिए बना सकते हैं लेकिन शाम के वक्त किसी दूर के रिश्तेदार के घर में आ जाने के कारण आपके सारे प्लान धरे के धरे रह सकते हैं।

कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

धन से जुड़ा कोई मसला आज हल हो सकता है और आपको धन लाभ हो सकता है। आपका मज़ाकिया स्वभाव सामाजिक मेल-जोल की जगहों पर आपकी लोकप्रियता में इज़ाफ़ा करेगा। कामकाज में थोड़ी मुश्किल के बाद आपको दिन में कुछ अच्छा देखने को मिल सकता है। आपके द्वारा आज खाली समय में ऐसे काम किये जाएंगे जिनके बारे में आप अक्सर सोचा करते हैं लेकिन उन कामों को कर पाने में समर्थ नहीं हो पाते। शादीशुदा ज़िन्दगी के मोर्चे पर हालात वाक़ई थोड़े मुश्किल रहे हैं, लेकिन अब आप सुधरते हालात महसूस कर सकते हैं।

मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को ख़ुशनुमा बना देगा। दूसरों को प्रभावित करने की आपकी क्षमता आपको कई सकारात्मक चीज़ें दिलाएगी। थोड़ी कोशिश और करें। आज भाग्य आपका साथ ज़रूर देगा, क्योंकि यह आपका दिन है। आंतरिक गुण जहाँ आपको संतोष देंगे, वहीं सकारात्मक सोच कामयाबी देगी। आपके घर वाले आज आपसे कई परेशानियां शेयर करेंगे लेकिन आप अपनी ही धुन में मस्त रहेंगे और खाली समय में कुछ ऐसा करेंगे जो करना आपको पसंद है।

आज का पंचांग

दिनांक : 08 नवंबर 2026 , रविवार
विक्रम संवत : 2083
मास : कार्तिक ,कृष्ण पक्ष
तिथि : चतुर्दशी प्रात: 11:29 तक
नक्षत्र : स्वाति अहोरात्र
योग : आयुष्मान रात्रि 03:02 तक
करण : शकुन प्रात: 11:29 तक
चन्द्रराशि : तुला
सूर्योदय : 06:17 ,सूर्यास्त 05:42 (हैदराबाद)
सूर्योदय : 06:15, सूर्यास्त 05:51 (बैंगलोर)
सूर्योदय : 06:08, सूर्यास्त 05:43 (तिरुपति)
सूर्योदय : 06:07, सूर्यास्त 05:34 (विजयवाडा)

शुभ चौघड़िया

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : पितृकार्य अमावस्या , दीपावली , महालक्ष्मी-कुबेर पूजन , रुप चौदस

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

मेरू प्रविण्या 2026 में 150 से अधिक युवा नवाचारी टीमों का सम्मान

मानवता की सेवा के लिए विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए 375 नवाचार विचार, टी-हब में हुआ ग्रैंड फिनाले

हैदराबाद, 07 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। मेरू इंटरनेशनल स्कूल ने अपने प्रमुख कार्यक्रम एम-क्लैप (मेरू करियर, लीडरशिप एंड लाइफ स्किल्स, एकेडमिक एनरिचमेंट प्रोग्राम) के अंतर्गत कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक उद्यमिता आइडियाथॉन 'मेरू प्रविण्या 2026' का आयोजन किया। 6 नवंबर को हैदराबाद के रायदुर्ग स्थित टी-हब में आयोजित इस कार्यक्रम की थीम 'मानवता के लिए डिजाइन : युद्ध में जीवन रक्षा के नवाचार' रखी गई।

इसमें मियापुर और तेल्लापुर परिसरों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। लगभग 2,000 विद्यार्थियों ने 375 नए विचार प्रस्तुत किए। इनमें से 247 विद्यार्थियों की 66 टीमों ने उद्योग विशेषज्ञों के मूल्यांकन के तहत चार दिनों तक चले सेमीफाइनल दौर में हिस्सा लिया और ग्रैंड फिनाले में अपनी जगह बनाई।

कार्यक्रम में स्कूल की संस्थापक एवं निदेशक मेघना गोरुकांति जुपल्ली, निर्णायक मंडल के सदस्य तथा लर्निया डॉट एआई के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिरंजीवी मडाला और बोवर स्कूल ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप के उपाध्यक्ष (सेल्स एंड एक्सपेंशन) राजीव कुमार सहित अभिभावक, शिक्षक और शैक्षणिक क्षेत्र के प्रतिनिधि



उपस्थित रहे। इस अवसर पर मेघना गोरुकांति जुपल्ली ने कहा कि एम-क्लैप की परिकल्पना विद्यार्थियों में उद्यमिता, वित्तीय समझ और जीवन कौशल को व्यावहारिक शिक्षा के माध्यम से विकसित करने के उद्देश्य से की गई है। इस वर्ष की थीम के माध्यम से विद्यार्थियों ने युद्ध जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में भोजन, पानी, आश्रय और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने से जुड़े समाधान प्रस्तुत किए। इनमें खोज एवं बचाव रोबोट तथा आपातकाल में खाद्य भंडारण की स्थिति पर नजर रखने जैसी अवधारणाएं शामिल थीं।

उन्होंने कहा कि उद्यमिता का वास्तविक अर्थ लोगों की जरूरतों को समझना, उनके लिए उपयोगी और किफायती समाधान तैयार करना है। विद्यार्थियों को नए विचारों के साथ प्रयोग करने, उनका ईमानदारी से परीक्षण करने और मानवता की जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों ने युद्ध और आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा, बचाव, सुरक्षा, शिक्षा तथा मानवीय सहायता से जुड़े मॉडल और प्रोटोटाइप प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

प्रमुख विजेता टीमों में शामिल रहे :

टीम थर्मा जेल (कक्षा 7): अत्यधिक ठंड में सैनिकों को हाइपोथर्मिया से बचाने के लिए विशेष मरहम विकसित करने पर कक्षा 6 से 8 वर्ग में 'इनोवेशन इन एक्शन अवॉर्ड' प्राप्त किया।

टीम गार्जियन नेक्सस (कक्षा 7): एसओएस अलर्ट, जीपीएस ट्रैकिंग, एलईडी बीकन और सौर ऊर्जा से चलने वाले पोर्टेबल आपातकालीन बचाव उपकरण के लिए 'बडिंग एंटरप्रेन्योर अवॉर्ड' हासिल किया।

टीम अभया (कक्षा 10): बैक्टीरियल सेलुलोज और वाटर हायसिंथ फाइबर से पर्यावरण अनुकूल बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड विकसित करने पर 'बिजनेस विजनरी अवॉर्ड' प्राप्त किया।

टीम एस्टार (कक्षा 10): युद्ध प्रभावित क्षेत्रों और शरणार्थी शिविरों में बच्चों की ऑफलाइन शिक्षा के लिए सौर ऊर्जा से संचालित लर्निंग टैबलेट तैयार करने पर 'नेक्स्ट बिग थिंग अवॉर्ड' जीता।

टीम द एपेक्स (कक्षा 9): अत्यधिक कठिन परिस्थितियों में उपयोगी मजबूत और हल्के सर्वाइवल जूते की प्रभावशाली प्रस्तुति के लिए 'बेस्ट पिच अवॉर्ड' प्राप्त किया।

टीम बीकन (कक्षा 9): कठिन परिस्थितियों में जीवन रक्षा के लिए मजबूत और हल्के जूतों की अवधारणा प्रस्तुत करने पर निर्णायक मंडल की विशेष प्रशंसा प्राप्त की।

मेरू प्रविण्या 2026 के माध्यम से मेरू इंटरनेशनल स्कूल ने विद्यार्थियों में नवाचार, नेतृत्व क्षमता, नैतिक निर्णय लेने और व्यावहारिक समस्याओं का समाधान खोजने की क्षमता विकसित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुभव आधारित शिक्षा के माध्यम से जिम्मेदार और भविष्य के लिए तैयार नवाचारी बनाना है।

सऊदी अरब में फंसे तेलंगाना के प्रवासी श्रमिक की सुरक्षित स्वदेश वापसी

सऊदी अरब तेलुगु एसोसिएशन (साटा), रियाद और तेलंगाना मुख्यमंत्री प्रवासी प्रजावाणी ने की मदद

प्रतिनिधित्व सौंपने के मात्र 40 दिनों के भीतर श्रमिक की भारत वापसी सुनिश्चित



हैदराबाद, 07 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। तेलंगाना के निजामाबाद जिले के नंदीपेट मंडल निवासी एलिगेटी रंजीत कुमार सऊदी अरब से सुरक्षित अपने पैतृक गांव लौट आए हैं। उनकी सुरक्षित वापसी में तेलंगाना मुख्यमंत्री प्रवासी प्रजावाणी, सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के एनआरआई विभाग, सऊदी अरब तेलुगु एसोसिएशन (एसएटीए) तथा रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने समन्वित प्रयास किए।

रंजीत कुमार 16 मार्च 2024 को रोजगार वीजा पर सऊदी अरब के रियाद गए थे और वहां एक कंपनी में क्लीनर के रूप में कार्य करने लगे। ढाई साल से अधिक समय तक काम करने के बावजूद कंपनी ने उन्हें उनके रोजगार अनुबंध के तहत मिलने वाली सवेतन अवकाश की सुविधा प्रदान नहीं की। इसके अलावा कंपनी ने उनका वीजा और इकामा (निवास परमिट) भी नवीनीकृत नहीं किया, जिससे वे कठिन परिस्थितियों में फंस गए और उनकी स्वदेश वापसी का रास्ता बंद हो गया।

रियाद में रहते हुए रंजीत कुमार ने सहायता के लिए एसएटीए के रियाद अध्यक्ष श्रीनिवास माचा से संपर्क किया। उनकी समस्या को समझते हुए श्रीनिवास माचा ने उन्हें भारत में अपने परिवार से संपर्क करने और तेलंगाना मुख्यमंत्री प्रवासी प्रजावाणी के माध्यम से सरकारी हस्तक्षेप का अनुरोध करने की सलाह दी।

इसके बाद रंजीत कुमार के छोटे भाई रोहित ने 11 अगस्त को तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री ए. रेवंत रेड्डी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री प्रवासी प्रजावाणी में एक प्रतिनिधित्व सौंपा। इसमें रंजीत कुमार की सुरक्षित भारत वापसी के लिए तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।इस अपील पर मुख्यमंत्री प्रवासी प्रजावाणी की टीम, जीएडी के एनआरआई विभाग और एसएटीए के रियाद अध्यक्ष श्रीनिवास माचा ने रियाद स्थित भारतीय दूतावास के साथ लगातार समन्वय स्थापित किया तथा उनकी वापसी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए।

इन सभी के संयुक्त प्रयासों का परिणाम रहा कि प्रतिनिधित्व सौंपने के मात्र 40 दिनों के भीतर, 20 सितंबर को रंजीत कुमार सुरक्षित अपने वतन लौट आए।

रंजीत कुमार ने जताया आभार

भारत लौटने के बाद रंजीत कुमार मंगलवार को हैदराबाद के बेगमपेट स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले प्रजा भवन में मुख्यमंत्री प्रवासी प्रजावाणी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री प्रवासी प्रजावाणी के राज्य नोडल अधिकारी के. विद्यासागर और तेलंगाना सरकार की एनआरआई सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष मण्डा भीम रेड्डी से मुलाकात की। उन्होंने अपनी सुरक्षित स्वदेश वापसी में सहयोग और हस्तक्षेप के लिए दोनों अधिकारियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

रंजीत कुमार ने मुख्यमंत्री प्रवासी प्रजावाणी की पूरी टीम, एसएटीए के रियाद अध्यक्ष श्रीनिवास माचा, महिला अध्यक्ष शरवणी विद्याधरिणी, एसएटीए के संस्थापक मल्लेशन तथा रियाद की कोर टीम के सभी सदस्यों का भी समय पर सहायता और समर्पित प्रयासों के लिए विशेष धन्यवाद किया।इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री प्रवासी प्रजावाणी के संपर्क अधिकारी तनीश मुनुगोटी, स्वयंसेवक मोहम्मद बशीर अहमद, जयश्री गुडुरी, स्वदेश परिकिपंडला, एसएटीए प्रतिनिधि के.पी. महेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

यह सफल प्रयास विदेशों में संकटग्रस्त भारतीय प्रवासी श्रमिकों की सहायता और उनकी सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने में सरकारी विभागों, भारतीय राजनयिक मिशनों तथा सामुदायिक संगठनों के बीच आपसी समन्वय और सहयोग के महत्व को दर्शाता है।

चंदनोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण

कोंडागट्टू मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं और व्यवस्थाओं का लिया जायजा



पेद्दापल्ली, 07 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। कोंडागट्टू स्थित प्रसिद्ध श्री अंजनेय स्वामी मंदिर में आयोजित होने वाले श्री स्वामी के चंदनोत्सव को लेकर अधिकारियों ने तैयारियों का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर मंदिर के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) अंजना रेड्डी और कार्यकारी अभियंता (ईई) राजेश गरल ने मंदिर परिसर में चल रहे विभिन्न कार्यों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अधिकारियों ने विशेष रूप से इंजीनियरिंग विभाग की ओर से किए जा रहे निर्माण एवं अन्य कार्यों, श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं तथा जमीनी स्तर पर की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने चंदनोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

भाजपा पार्षद संतोष मरस्कोल्हे को विधायक भीमराव केराम ने दिया आशीर्वाद



किनवट, 07 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। हमेशा सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाले युवा भाजपा पार्षद संतोष मरस्कोल्हे का जन्मदिन शहर में विभिन्न सामाजिक उपक्रमों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक भीमराव केराम ने संतोष मरस्कोल्हे को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विशेष आशीर्वाद प्रदान किया। उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए गणमान्य व्यक्तियों, मित्रों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। जन्मदिन के अवसर पर सुबह संतोष मरस्कोल्हे ने राम मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की, आरती की और भगवान के दर्शन किए। उनके मित्रों एवं चाहने वालों ने इस अवसर को सामाजिक उपक्रमों के माध्यम से मनाया।

इस अवसर पर भाजपा युवा नेता एडवोकेट प्रतीक केराम, युवा नेता संदेश केराम, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी यशवंत जाधव, अनिल कनाके, प्रमोद पोटपेलीवार, हर्षवर्धन कनाके, पृथ्वीराज सहित अनेक लोगों ने संतोष मरस्कोल्हे को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पार्षद संतोष मरस्कोल्हे ने बताया कि इस वर्ष क्षेत्र में सूखे की स्थिति को देखते हुए उन्होंने अपना जन्मदिन सादगी से मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने सामाजिक जिम्मेदारी को प्राथमिकता देते हुए जन्मदिन पर अनावश्यक खर्च और दिखावे से दूरी बनाए रखी।

निस्वार्थ भाव से की गई सेवा ही सच्ची मानव सेवा : जगत नारायण अग्रवाल



हैदराबाद। राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने नियमित अन्नसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद की संयोजक जगत नारायण अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा वही सार्थक होती है, जो बिना किसी स्वार्थ, अपेक्षा और दिखावे के निस्वार्थ भाव से की जाए। जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाना और किसी भूखे को भोजन कराना मानव जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है। सेवा केवल किसी को भोजन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रेम, करुणा, संवेदना और मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने का माध्यम भी है।

उन्होंने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में जहां व्यक्ति अपने निजी कार्यों और जिम्मेदारियों में उलझा हुआ है, वहीं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझना भी अत्यंत आवश्यक है। मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है और निस्वार्थ भाव से किया गया छोटा-सा सेवा कार्य भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। राधे-राधे ग्रुप का उद्देश्य भी इसी सेवा भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना तथा लोगों को सेवा, समर्पण और सहयोग के लिए प्रेरित करना है। ग्रुप द्वारा नियमित रूप से की जा रही अन्नसेवा समाज में मानवीय संवेदनाओं और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत कर रही है।

इस सेवा आयोजन में जगत नारायण अग्रवाल, पन्नालाल अग्रवाल, नीलम विजयवर्गीय, अरुण विजयवर्गीय, लता गोयल एवं शर्मिला अग्रवाल सहित राधे-राधे ग्रुप के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। ग्रुप का मानना है कि सेवा किसी परिचय, प्रतिष्ठा या प्रशंसा की मोहताज नहीं होती, बल्कि सच्चे मन से किया गया प्रत्येक सेवा कार्य ईश्वर के प्रति समर्पण का प्रतीक है। राधे-राधे ग्रुप इसी भावना के साथ निरंतर मानव सेवा के संकल्प को आगे बढ़ा रहा है।





कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला खुशियों और रोशनी का पर्व दीपावली हिंदू धर्म के सबसे बड़े और प्राचीन त्योहारों में से एक है। यह त्योहार विशेष रूप से धन और वैभव की देवी मां लक्ष्मी के सम्मान में मनाया जाता है। देश के कई हिस्सों में इसे नए वर्ष के शुभारंभ के रूप में भी मनाया जाता है। दीपोत्सव के साथ अनेक धार्मिक, पौराणिक और आध्यात्मिक मान्यताएं जुड़ी हुई हैं।

पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान, जयपुर-जोधपुर के निदेशक एवं **ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास** ने बताया कि इस वर्ष दीपावली 8 नवंबर को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीराम 14 वर्ष का वनवास पूरा करने के बाद माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे थे। उनके आगमन की खुशी में अयोध्यावासियों ने दीप जलाकर उत्सव मनाया था। इसी परंपरा के प्रतीक स्वरूप दीपावली मनाई जाती है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, दीपावली के दिन भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार धारण कर हिरण्यकश्यप का वध किया था। यह भी मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा नरकासुर का वध किए जाने पर ब्रजवासियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर खुशियां मनाई थीं। जैन धर्म के अनुयायी इस दिन को भगवान महावीर के निर्वाण दिवस के रूप में मनाते हैं। एक अन्य मान्यता के अनुसार, कार्तिक अमावस्या के दिन मां लक्ष्मी समुद्र मंथन से प्रकट हुई थीं। इसी दिन अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर का शिलान्यास भी हुआ था। दीपावली की रात्रि में मां काली की पूजा का भी विशेष विधान है। धार्मिक मान्यताओं में इस दिन को भगवान विष्णु के वैकुंठ लौटने और मां लक्ष्मी द्वारा भगवान विष्णु को पति रूप में स्वीकार करने से भी जोड़ा जाता है।

भारत के त्योहारों में दीपावली का विशेष स्थान है। इस अवसर पर घरों और दुकानों की साफ-सफाई कर उन्हें आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। धन की देवी महालक्ष्मी के साथ विघ्न-विनाशक भगवान गणेश और विद्या की देवी मां सरस्वती की भी पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता है कि कार्तिक अमावस्या की मध्यरात्रि में मां लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती हैं और स्वच्छ एवं पवित्र घरों में निवास करती हैं।



दीपावली हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार है, जिसका हर देशवासी को बेसब्री से इंतजार रहता है। यह प्रकाश, उल्लास और खुशियों का पर्व है। इस दिन बच्चे तरह-तरह की मिठाइयों का आनंद लेते हैं और आतिशबाजी करते हैं। घरों में दीपक जलाए जाते हैं तथा रंग-बिरंगी रोशनी से घरों और प्रतिष्ठानों को सजाया जाता है। लोग नए वस्त्र धारण करते हैं, मिठाइयां बांटते हैं और एक-दूसरे के घर जाकर खुशियां साझा करते हैं। दीपावली अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देती है।

दीपावली का धार्मिक महत्व

दीपावली भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के बाद माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटने की स्मृति में मनाई जाती है। पिता राजा दशरथ के आदेश का पालन करते हुए भगवान श्रीराम वनवास गए थे। इस दौरान उन्होंने जंगलों और गांवों में 14 वर्ष बिताए। वनवास की अवधि के अंतिम चरण में लंका के दस सिर वाले राजा रावण ने माता सीता का अपहरण कर लिया था। इसके बाद भगवान श्रीराम ने रावण से युद्ध किया, उसका वध किया और माता सीता को मुक्त कराकर अयोध्या लौटे। महाकाव्य रामायण में भगवान श्रीराम की यह विजय बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मानी जाती है।

दीपावली आते ही घरों में उत्सव का अलग ही माहौल दिखाई देने लगता है। घरों की सजावट के साथ भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की पूजा की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। लेकिन मां लक्ष्मी के साथ भगवान गणेश की पूजा क्यों की जाती है, इसके पीछे भी एक रोचक पौराणिक कथा प्रचलित है।

मां लक्ष्मी और गणेश पूजा की पौराणिक कथा

धार्मिक ग्रंथों में वर्णित एक कथा के अनुसार, एक बार एक वैरागी साधु के मन में राजसुख भोगने की इच्छा जागृत हुई। इसके लिए उसने मां लक्ष्मी की आराधना शुरू कर दी। साधु की कठोर तपस्या और आराधना से प्रसन्न होकर मां लक्ष्मी ने उसे दर्शन दिए और वरदान दिया कि उसे उच्च पद तथा सम्मान प्राप्त होगा।

वरदान मिलने के बाद साधु को अहंकार हो गया। वह राजदरबार में पहुंचा और भरे दरबार में राजा को धक्का मार दिया, जिससे राजा का मुकुट नीचे गिर गया। यह देखकर राजा और उसके साथी साधु को दंडित करने के लिए दौड़े। इसी बीच राजा के गिरे हुए मुकुट से एक काला नाग बाहर निकल आया। यह देखकर सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए और साधु को चमत्कारी मानकर उसकी जय-जयकार करने लगे। राजा ने प्रसन्न होकर उसे अपना मंत्री बना दिया और रहने के लिए अलग महल भी दे दिया।

एक दिन साधु राजा का हाथ पकड़कर भरे दरबार से बाहर ले गया। यह देखकर दरबारी भी उसके पीछे-पीछे बाहर आ गए। सभी के बाहर निकलते ही भूकंप आया और राजभवन खंडहर में तब्दील हो गया। लोगों को लगा कि साधु ने उनकी जान बचाई है। इस घटना के बाद उसका मान-सम्मान और बढ़ गया। परिणामस्वरूप साधु का अहंकार भी और अधिक बढ़ने लगा।

राजा के महल में भगवान गणेश की एक प्रतिमा स्थापित थी। एक दिन साधु ने यह कहकर उस प्रतिमा को हटवा दिया कि वह देखने में अच्छी नहीं है। मान्यता है कि साधु के इस कार्य से भगवान गणेश रुष्ट हो गए। इसके बाद मंत्री बने साधु की बुद्धि भ्रष्ट होने लगी और वह ऐसे कार्य करने लगा, जो लोगों की नजरों में अनुचित थे।

साधु के व्यवहार और कार्यों से नाराज होकर राजा ने उसे कारागार में डाल दिया। जेल में साधु ने एक बार फिर मां लक्ष्मी की आराधना शुरू कर दी। मां लक्ष्मी ने उसे दर्शन देकर बताया कि उसने भगवान गणेश का अपमान किया है। इसलिए उसे भगवान गणेश की आराधना करके उन्हें प्रसन्न करना चाहिए।

इसके बाद साधु भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने लगा। उसकी आराधना से भगवान गणेश का क्रोध शांत हो गया। एक रात भगवान गणेश ने राजा के स्वप्न में आकर साधु को दोबारा मंत्री बनाने का आदेश दिया। राजा ने भगवान के आदेश का पालन करते हुए साधु को फिर से मंत्री पद दे दिया। मान्यता है कि इसी घटना के बाद मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की एक साथ पूजा करने की परंपरा शुरू हुई।

बिना बुद्धि के धन का कोई महत्व नहीं

भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि भगवान गणेश बुद्धि और विवेक के प्रतीक हैं, जबकि मां लक्ष्मी धन एवं समृद्धि की देवी हैं। दीपावली पर दोनों की पूजा करने का धार्मिक संदेश यह है कि जीवन में धन के साथ सद्बुद्धि भी आवश्यक है। धन और बुद्धि का संतुलन ही सुखी एवं समृद्ध जीवन का आधार है।

शास्त्रों के अनुसार, मां लक्ष्मी को धन और वैभव का प्रतीक माना गया है। एक पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान विष्णु मां लक्ष्मी के अभिमान को समाप्त करना चाहते थे। उन्होंने मां लक्ष्मी से कहा कि स्त्री तब तक पूर्ण नहीं होती, जब तक वह मां न बन जाए। मां लक्ष्मी का कोई पुत्र नहीं था। यह सुनकर वे निराश हो गईं और देवी पार्वती के पास पहुंचीं।

देवी पार्वती के दो पुत्र थे। मां लक्ष्मी ने उनसे एक पुत्र को गोद लेने का अनुरोध किया। पार्वती जी जानती थीं कि मां लक्ष्मी एक स्थान पर अधिक समय तक नहीं रहतीं और ऐसे में बच्चे की देखभाल करना उनके लिए कठिन हो सकता है। लेकिन मां लक्ष्मी की भावना और उनके दुख को समझते हुए उन्होंने अपने पुत्र भगवान गणेश को उन्हें सौंप दिया। इससे मां लक्ष्मी अत्यंत प्रसन्न हुईं और उन्होंने कहा कि सुख-समृद्धि की प्राप्ति के लिए पहले भगवान गणेश की पूजा करनी होगी। इसके बाद ही उनकी पूजा पूर्ण मानी जाएगी।

मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के मंत्र

मां लक्ष्मी के विभिन्न नामों का जाप करने से उनकी कृपा प्राप्त होने की धार्मिक मान्यता है। दीपावली के अवसर पर श्रद्धालु इन मंत्रों का जाप कर सकते हैं।

मां लक्ष्मी के नाम मंत्र

ॐ आद्यलक्ष्म्यै नमः।
ॐ विद्यालक्ष्म्यै नमः।
ॐ सौभाग्यलक्ष्म्यै नमः।
ॐ अमृतलक्ष्म्यै नमः।
ॐ कामलक्ष्म्यै नमः।
ॐ सत्यलक्ष्म्यै नमः।
ॐ भोगलक्ष्म्यै नमः।
ॐ योगलक्ष्म्यै नमः।

शुद्धि मंत्र

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।।

महालक्ष्मी मंत्र

ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद।
श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः।।

मां लक्ष्मी की पूजा सामग्री

दीपावली के शुभ अवसर पर मां लक्ष्मी की पूजा के लिए कलावा, अक्षत, लाल वस्त्र, फूल, पांच सुपारी, रोली, सिंदूर, एक नारियल, लौंग, पान के पत्ते, घी, कलश, कलश के लिए आम का पल्लव, चौकी, समिधा, हवन कुंड, हवन सामग्री, कमलगट्टे, पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल), फल, बताशे, मिठाइयां, पूजा में बैठने के लिए आसन, हल्दी, अगरबत्ती, कुमकुम, इत्र, दीपक, रूई, आरती की थाली, कुशा, रक्त चंदन और श्रीखंड चंदन आदि सामग्री का उपयोग करना चाहिए।

दीपावली पर मां लक्ष्मी की पूजा विधि

पूजा शुरू करने से पहले चौकी को अच्छी तरह साफ करके धो लें। इसके बाद उस पर सुंदर रंगोली बनाएं और चौकी के चारों ओर दीपक जलाएं। मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करने से पहले चौकी पर थोड़े से चावल रखें।

मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए उनके बाईं ओर भगवान विष्णु की प्रतिमा भी स्थापित करें। यदि संभव हो तो किसी योग्य पंडित को बुलाकर विधि-विधान से पूजन करवाना शुभ रहेगा।

यदि स्वयं पूजा करना चाहते हैं तो सबसे पहले पुष्प, फल, सुपारी, पान, चांदी का सिक्का, नारियल, मिठाई और मेवा आदि सभी पूजन सामग्रियों को थोड़ी-थोड़ी मात्रा में एकत्रित कर पूजा का संकल्प लें। सबसे पहले भगवान गणेश की पूजा करें। इसके बाद चौकी पर स्थापित अन्य देवी-देवताओं का पूजन करें। फिर कलश की स्थापना कर मां लक्ष्मी का ध्यान करें। इस दिन मां लक्ष्मी को लाल वस्त्र अर्पित करना विशेष शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि विधि-विधान से पूजा करने पर घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।

दीपावली पूजन के शुभ प्रतीक

दीपावली पर महालक्ष्मी की पूजा के साथ घर और पूजा स्थल को सजाने के लिए अनेक मांगलिक वस्तुओं का उपयोग किया जाता है। भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक डॉ. अनीष व्यास के अनुसार, ये शुभ प्रतीक घर की सुंदरता, सुख-समृद्धि और धार्मिक वातावरण को बढ़ाने में विशेष महत्व रखते हैं।

दीपक

दीपावली पूजन में दीपक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। धार्मिक दृष्टि से मिट्टी के दीपक का विशेष महत्व माना गया है। इसमें पंचतत्वों का प्रतीकात्मक समावेश माना जाता हैनमिट्टी, आकाश, जल, अग्नि और वायु। हिंदू धार्मिक अनुष्ठानों में पंचतत्वों की उपस्थिति को महत्वपूर्ण माना गया है। कुछ लोग पारंपरिक दीपकों के स्थान पर बिजली से जलने वाले दीपक या मोमबत्तियों का उपयोग करते हैं, लेकिन धार्मिक मान्यता के अनुसार मिट्टी के दीपक का विशेष महत्व है।

रंगोली

त्योहारों, पर्वों और मांगलिक अवसरों पर रंगोली या मांडने से घर-आंगन को खूबसूरती से सजाया जाता है। मान्यता है कि यह सजावट समृद्धि के द्वार खोलती है। घर की साफ-सफाई करने के बाद आंगन, घर के बीचोंबीच और मुख्य द्वार के सामने रंगोली बनाई जाती है।

कौड़ी

पीली कौड़ी को देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। दीपावली के दिन चांदी और तांबे के सिक्कों के साथ कौड़ी का पूजन भी महत्वपूर्ण माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, पूजा के बाद एक-एक पीली कौड़ी को अलग-अलग लाल कपड़े में बांधकर घर की तिजोरी और जेब में रखने से धन-समृद्धि बढ़ती है।

तांबे का सिक्का

तांबे में अन्य धातुओं की अपेक्षा सात्विक तरंगें उत्पन्न करने की क्षमता अधिक मानी जाती है। कलश में उठने वाली तरंगें वातावरण में सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करती हैं। मान्यता है कि कलश में तांबे के सिक्के डालने से घर में शांति और समृद्धि के द्वार खुलते हैं। देखने में ये उपाय छोटे जरूर लगते हैं, लेकिन धार्मिक मान्यताओं में इनका विशेष महत्व बताया गया है।

मंगल कलश

मंगल कलश की स्थापना के लिए भूमि पर कुमकुम से अष्टदल कमल की आकृति बनाई जाती है और उसके ऊपर कलश रखा जाता है। कांस्य, तांबे, चांदी या सोने के कलश में जल भरकर उसमें आम के कुछ पत्ते डाले जाते हैं। इसके मुख पर नारियल रखा जाता है। कलश पर कुमकुम से स्वस्तिक का चिह्न बनाया जाता है और उसके गले में मौली (नाड़ा) बांधी जाती है।

श्रीयंत्र

श्रीयंत्र को धन और वैभव का प्रतीक माना जाता है। यह मां लक्ष्मी से संबंधित प्राचीन और लोकप्रिय यंत्रों में से एक है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, श्रीयंत्र धनागम, यश और वैभव की प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण है। मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के उद्देश्य से दीपावली के दिन श्रीयंत्र की पूजा की जाती है।

फूल

कमल और गेंदे के फूलों को शांति, समृद्धि और मुक्ति का प्रतीक माना जाता है। देवी-देवताओं की पूजा के साथ-साथ घर की सजावट में भी गेंदे के फूलों का विशेष उपयोग होता है। घर की सुंदरता, शांति और समृद्धि के लिए फूलों का विशेष महत्व है।

नैवेद्य

मां लक्ष्मी को नैवेद्य के रूप में फल, मिठाई, मेवा और पेठे के अलावा धानी, बताशे, चिरौंजी, शक्करपारे, गुझिया आदि का भोग लगाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नैवेद्य और मीठे पकवान जीवन में मिठास एवं मधुरता का संचार करते हैं।

दीपावली पूजन का शुभ मुहूर्त

भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि दीपावली के दिन पूरे दिन को शुभ माना जाता है। इस दिन किसी भी समय पूजा की जा सकती है, लेकिन प्रदोष काल से लेकर निशाकाल तक का समय विशेष रूप से शुभ माना गया है। मां लक्ष्मी का पूजन प्रदोष काल में करना चाहिए।

महालक्ष्मी पूजन

प्रदोष काल में लक्ष्मी पूजन किया जाना चाहिए।

शास्त्रोक्त विधान

प्रदोष समये दीपदानोल्का प्रदर्शन लक्ष्मी पूजनानि कृत्वा भोजनं कार्यम्।।

8 नवंबर को लक्ष्मी पूजा का मुहूर्त

- प्रदोष काल (लग्न): शाम 5:36 बजे से रात 8:02 बजे तक।
- वृषभ काल (लग्न): शाम 6:04 बजे से रात 8:01 बजे तक।
- सिंह काल (लग्न): रात 12:34 बजे से रात 2:50 बजे तक।

सबसे श्रेष्ठ पूजा समय

- शाम 6:16 बजे से 6:28 बजे तक।
- शाम 6:52 बजे से 7:05 बजे तक।

इन समयावधियों में प्रदोष काल, स्थिर लग्न वृषभ और स्थिर नवमांश कुंभ का समय रहेगा।

चौघड़िया मुहूर्त

दिवाकाल चौघड़िया

- चर, लाभ और अमृत चौघड़िया: प्रातः 8:06 बजे से दोपहर 12:10 बजे तक।
- अभिजीत मुहूर्त: प्रातः 11:46 बजे से दोपहर 12:34 बजे तक।
- शुभ चौघड़िया: दोपहर 1:32 बजे से दोपहर 2:53 बजे तक।

रात्रि चौघड़िया

- शुभ, अमृत और चर चौघड़िया: शाम 5:36 बजे से रात 10:31 बजे तक।
- लाभ चौघड़िया: अर्धरात्रि 1:49 बजे से अंतरात्रि 3:27 बजे तक।
- शुभ चौघड़िया: अंतरात्रि 5:55 बजे से सुबह 6:45 बजे तक।



डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान
जयपुर-जोधपुर

दीपावली पर्व के पीछे कथा

अपने प्रिय राजा श्री राम के वनवास समाप्त होने की खुशी में अयोध्यावासियों ने कार्तिक अमावस्या की रात्रि में घी के दिए जलाकर उत्सव मनाया था। तभी से हर वर्ष दीपावली का पर्व मनाया जाता है। इस त्यौहार का वर्णन विष्णु पुराण के साथ-साथ अन्य कई पुराणों में किया गया है।

दीपावली पर लक्ष्मी पूजा

अधिकांश घरों में दीपावली के दिन लक्ष्मी-गणेश जी की पूजा की जाती है। हिन्दू मान्यतानुसार अमावस्या की रात्रि में लक्ष्मी जी धरती पर भ्रमण करती हैं और लोगों को वैभव का आशीष देती है। दीपावली के दिन गणेश जी की पूजा का यूं तो कोई उल्लेख नहीं परंतु उनकीपूजा के बिना हर पूजा अधूरी मानी जाती है। इसलिए लक्ष्मी जी के साथ विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की भी पूजा की जाती है।

दीपदान

दीपावली के दिन दीपदान का विशेष महत्त्व होता है। नारदपुराण के अनुसार इस दिन मंदिर, घर, नदी, बगीचा, वृक्ष, गौशाला तथा बाजार में दीपदान देना शुभ माना जाता है।

मान्यता है कि इस दिन यदि कोई श्रद्धापूर्वक मां लक्ष्मी की पूजा करता है तो, उसके घर में कभी भी दरिद्रता का वास नहीं होता। इस दिन गायों के सींग आदि को रंगकर उन्हें घास और अन्न देकर प्रदक्षिणा की जाती है। दीपावली पर्व भारतीय सभ्यता की एक अनोखी छठा को पेश करता है। आज अवश्य पटाखों की शोर में माता लक्ष्मी की आरती का शोर कम हो गया है लेकिन इसके पीछे की मूल भावना आज भी बनी हुई है।







दिवाली हिन्दू धर्म का मुख्य पर्व है। रोशनी का पर्व दिवाली कार्तिक अमावस्या के दिन मनाया जाता है। दिवाली को दीपावली के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि दीपों से सजी इस रात में लक्ष्मीजी भ्रमण के लिए निकलती हैं और अपने भक्तों को खुशियां बांटती हैं। दिवाली मनाने के पीछे मुख्य कथा विष्णुजी के रूप भगवान श्री राम से जुड़ी है।

दीवाली की रात करें ये टोने-टोटके

भारत के सभी पर्वों में दीवाली का सर्वाधिक महत्व है। इस दिन शुभ मुहूर्त में सही विधि-विधान से लक्ष्मी का पूजन करने पर अगली दीवाली तक के लिए लक्ष्मी कृपा से घर में धन और धान्य की कमी नहीं आती है। साथ ही शास्त्रों में बताए टोने-टोटके के उपायों से भी बहुत जल्दी ही लक्ष्मी की प्रसन्नता प्राप्त की जा सकती है। लक्ष्मी कृपा पाने के लिए ज्योतिषियों के बताए 51 उपाय यहां दिए जा रहे हैं, इन्हें सभी राशियों के लोग कर सकते हैं। इनमें से कोई भी एक या अधिक उपाय करने से दरिद्रता दूर होकर सुख-सम्पत्ति का आगमन होता है।

1. दीपावली पर लक्ष्मी पूजन के बाद घर के सभी कमरों में शंख और घंटी बजाना चाहिए। इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा और दरिद्रता बाहर चली जाती है। मां लक्ष्मी घर में आती हैं।
2. दीपावली पर तेल का दीपक जलाएं और दीपक में एक लौंग डालकर हनुमानजी की आरती करें। किसी मंदिर हनुमान मंदिर जाकर ऐसा दीपक भी लगा सकते हैं।
3. किसी शिव मंदिर जाएं और वहां शिवलिंग पर अक्षत यानी चावल चढ़ाएं। ध्यान रहें सभी चावल पूर्ण होने चाहिए। खंडित चावल शिवलिंग पर चढ़ाना नहीं चाहिए।
4. दीपावली पर महालक्ष्मी के पूजन में पीली कौड़ियां भी रखनी चाहिए। ये कौड़ियां पूजन में रखने से महालक्ष्मी बहुत ही जल्द प्रसन्न होती हैं। आपकी धन संबंधी सभी परेशानियां खत्म हो जाएंगी।
5. लक्ष्मी पूजन के समय हल्दी की गांठ भी साथ रखें। पूजन पूर्ण होने पर हल्दी की गांठ को घर में उस स्थान पर रखें, जहां धन रखा जाता है।
6. दीपावली के दिन झाड़ू अवश्य खरीदना चाहिए। पूरे घर की सफाई नई झाड़ू से करें। जब झाड़ू का काम न हो तो उसे छिपाकर रखना चाहिए।
7. दीवाली के दिन किसी मंदिर में झाड़ू का दान करें। यदि आपके घर के आसपास कहीं महालक्ष्मी का मंदिर हो तो वहां गुलाब की सुगंध वाली अगरबत्ती का दान करें।
8. इस दिन अमावस्या रहती है और इस तिथि पर पीपल के वृक्ष को जल अर्पित करना चाहिए। ऐसा करने पर शनि के दोष और कालसर्प दोष समाप्त हो जाते हैं।



9. दीपावली पर लक्ष्मी का पूजन करने के लिए स्थिर लग्न श्रेष्ठ माना जाता है। इस लग्न में पूजा करने पर महालक्ष्मी स्थाई रूप से घर में निवास करती हैं।-पूजा में लक्ष्मी यंत्र, कुबेर यंत्र और श्रीयंत्र रखना चाहिए। यदि स्फटिक का श्रीयंत्र हो तो सर्वश्रेष्ठ रहता है।
10. अपने घर के आसपास किसी पीपल के पेड़ के नीचे तेल का दीपक जलाएं। यह उपाय दीपावली की रात में किया जाना चाहिए। ध्यान रखें दीपक लगाकर चुपचाप अपने घर लौट आए, वापिस पलटकर न देखें।
11. दीपावली की रात लक्ष्मी पूजा करते समय एक थोड़ा बड़ा घी का दीपक जलाएं, जिसमें नौ बत्तियां लगाई जा सके। सभी 9 बत्तियां जलाएं और लक्ष्मी पूजा करें।
12. दीपावली की रात में लक्ष्मी पूजन के साथ ही अपनी दुकान, कम्प्यूटर आदि ऐसी चीजों की भी पूजा करें, जो आपकी कमाई का साधन हैं।
13. लक्ष्मी पूजन के समय एक नारियल लें और उस पर अक्षत, कुमकुम, पुष्प आदि अर्पित करें और उसे भी पूजा में रखें।
14. दीपावली के दिन यदि संभव हो सके तो किसी किन्नर से उसकी खुशी से एक रुपया लें और इस सिक्के को अपने पर्स में रखें। बरकत बनी रहेगी।
15. प्रथम पूज्य श्रीगणेश को दूर्वा अर्पित करें। दूर्वा की 21 गांठ गणेशजी को चढ़ाने से उनकी कृपा प्राप्त होती है। दीपावली के शुभ दिन यह उपाय करने से गणेशजी के साथ महालक्ष्मी की कृपा भी प्राप्त होती है।
16. दीवाली की रात सोने से पहले किसी चौराहे पर तेल का दीपक जलाएं और घर लौटकर आ जाएं। ध्यान रखें पीछे पलटकर न देखें।
17. महालक्ष्मी के चित्र का पूजन करें, जिसमें लक्ष्मी अपने स्वामी भगवान विष्णु के पैरों के पास बैठी हैं। ऐसे चित्र का पूजन करने पर देवी बहुत जल्द प्रसन्न होती हैं।
18. दीपावाली पर श्रीसूक्त एवं कनकधारा स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। रामरक्षा स्तोत्र या हनुमान चालीसा या सुंदरकांड का पाठ भी किया जा सकता है।
19. यदि संभव हो सके तो दीवाली वाले दिन किसी तालाब या नदी में मछलियों को आटे की गोलियां बनाकर खिलाएं। इस पुण्य कर्म से बड़े से बड़े संकट भी दूर हो जाते हैं।
20. एक बात का विशेष ध्यान रखें कि माह की हर अमावस्या पर पूरे घर की अच्छी तरह से साफ-सफाई की जानी चाहिए। साफ-सफाई के बाद घर में धूप-दीप-ध्यान करें। इससे घर का वातावरण पवित्र और बरकत देने वाला बना रहेगा।
21. लक्ष्मी पूजन में सुपारी रखें। सुपारी पर लाल धागा लपेटकर अक्षत, कुमकुम, पुष्प आदि पूजन सामग्री से पूजा करें और पूजन के बाद इस सुपारी को तिजोरी में रखें।
22. घर में स्थित तुलसी के पौधे के पास दीपावली की रात में दीपक जलाएं। तुलसी को वस्त्र अर्पित करें।



23. जो लोग धन का संचय बढ़ाना चाहते हैं, उन्हें तिजोरी में लाल कपड़ा बिछाना चाहिए। इसके प्रभाव से धन का संचय बढ़ता है। महालक्ष्मी का ऐसा फोटो रखें, जिसमें लक्ष्मी बैठी हुई दिखाई दे रही हैं।
24. दीपावली पर सुबह-सुबह शिवलिंग पर तांबे के लोटे से जल अर्पित करें। जल में यदि केसर भी डालेंगे तो श्रेष्ठ रहेगा।
25. महालक्ष्मी के महामंत्र ऊँ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद् श्रीं ह्रीं श्रीं ऊँ महालक्ष्मयै नमः का कमलगट्टे की माला से कम से कम 108 बार जप करें।

कुछ ही देर में होगा धनलाभ

मां लक्ष्मी के मंत्र



देवी लक्ष्मी को धन और समृद्धि की देवी माना जाता है। आज के युग में बिना धन-वैभव मनुष्य का जीवन अधूरा होता है। कलयुग में जिन देवों को सर्वाधिक पूजा जाता है उनमें लक्ष्मी जी एक हैं। देवी लक्ष्मी जी को प्रसन्न करने के कुछ आसान मंत्र निम्न हैं:

मां लक्ष्मी की पूजा के दौरान इस मंत्र के द्वारा उन्हें रक्तचन्दन समर्पण करना चाहिए

रक्तचन्दनसम्मिश्रं पारिजातसमुद्भव
मया दत्तं महालक्ष्मि चन्दनं प्रतिगृह्यता
ॐ महालक्ष्म्यै नमः रक्तचन्दनं समर्पयामि

मां लक्ष्मी की पूजा के दौरान इस मंत्र के द्वारा उन्हें दुर्वा समर्पण करना चाहिए

क्षीरसागरसम्भते दूर्वां स्वीकुरू सर्वदा
ॐ महालक्ष्म्यै नमः दूर्वां समर्पयामि

इस मंत्र के द्वारा मां लक्ष्मी को अक्षत समर्पण करना चाहिए

अक्षताश्च सुरश्रेष्ठ कुंकुमाक्ता: सुशोभिता:
मया निवेदिता भक्त्या गृहाण परमेश्वरि
ॐ महलक्ष्म्यै नमः , अक्षतान समर्पयामि

इस मंत्र के द्वारा मां लक्ष्मी को पुष्प माला समर्पण करना चाहिए

माल्यादीनि सुगन्धीनि मालत्यादीनि वै प्रभो
ॐ मनसः काममाकूतिं वाचः सत्यमशीमहि
ॐ महालक्ष्म्यै नमः, पुष्पमालां समर्पयामि

इस मंत्र के द्वारा मां लक्ष्मी को आभूषण समर्पण करना चाहिए

रत्नकंकणवैदूर्यमुक्ताहाअरादिकानि च
सुप्रसन्नेन मनसा दत्तानि स्वीकुरूष्व भो: ॐ
क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहम्
अभूतिमसमृद्धि च सर्वा न

इस मंत्र के द्वारा माता लक्ष्मी को वस्त्र समर्पण करना चाहिए

दिव्याम्बरं नूतनं हि क्षौमं त्वतिमनोहरम् , दीयमानं मया देवि गृहाण जगदम्बिके
ॐ उपैतु मां देवसुख: कीर्तिश्च मणिना सह, प्रादुभूतीस्मि राष्ट्रेस्मिन कीर्तिमृद्धि ददातु मे

इस मंत्र के द्वारा मां लक्ष्मी को स्नान हेतु घी अर्पित करना चाहिए

ॐ घृतं घृतपावान: पिबत वसां वसापावान: पिबतान्तरिक्षस्य हविरसि स्वाहा
दिश: प्रदिश आदिशो विदिश उद्भिशो दिग्भ्य: स्वाहा, ॐ महालक्ष्म्यै नम: घृतस्नानं समर्पयामि

मां लक्ष्मी की पूजा में इस मंत्र के द्वारा उन्हें जल समर्पण करना चाहिए

मन्दाकिन्या: समानीतैहेर्माम्भोरूहवासित: , स्नानं कुरूष्व देवेशि सलिलैश्च सुगन्धिभि:
ॐ महालक्ष्म्यै नम: स्नानं समर्पयामि

इस मंत्र के द्वारा मां लक्ष्मी को आसन समर्पण करना चाहिए

तप्तकाञ्चनवर्णाभं मुक्तामणिविराजितम् , अमलं कमलं दिव्यमासनं प्रतिगृह्यताम्
ॐ अश्वपूर्वां रथमध्यां हस्तिनादप्रमोदिनीम् , श्रियं देवीमुपह्वये श्रीर्मा देवी जुषताम्
ॐ

इस मंत्र के द्वारा मां लक्ष्मी का आवाहन करना चाहिए

सर्वलोकस्य जननीं सर्वसौख्यप्रदायिनीम
सर्वदेवमयीमीशां देवीमावाहयाम्यहम्
ॐ तां म आवह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम् , यस्यां हिरण्यं विन्देयं गामश्वं पुरुषानहम्

गोवर्धन पूजा का महत्व और पूजा विधि



कार्तिक मास की शुक्लपक्ष की प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा की जाती है। इसे अन्नकूटए बलि पूजा और मार्गपाली जैसे नामों से भी जाना जाता है। गोवर्धन की पूजा भगवान कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से शुरू हुई। इस पूजा का विशेष महत्व है। आगे की स्लाइड्स में जानें गोवर्धन पूजा की पूरी विधि....

इस दिन आप गाय, बैल आदि पशुओं का धूप, चंदन और फूल माला आदि से उनका पूजन किया जाता है। इस दिन गो माता की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना होती है। इस दिन गो माता की पूजा करके उनकी आरती उतारी जाती है।

गोवर्धन पूजा के दिन सुबह-सुबह स्नान कर लें और घर की रसोई में ताजे पकवान बनाएं।

गोवर्धन पूजा के दिन अपने घर के अंगन में गाय के गोबर का पर्वत बनाएं।

गोबर का पर्वत बनाकर चावल, रोली, मौली, फूल, तेल का दीपक और दही आदि से इस पर्वत की पूजा करें।

पूजा के बाद बनाए गए पर्वत की परिक्रमा करें। साथ ही अपने सच्चे मन और विश्वास के साथ भगवान से प्रार्थना करें।

गोवर्धन पूजा के दिन भगवान कृष्ण के लिए तरह-तरह के पकवान (छप्पन भोग) भी बनाने चाहिए। इसके अलावा उन्हें नैवेध भी चढ़ाना चाहिए।

माना जाता है कि भगवान कृष्ण का इंद्र के मान-मर्दन के पीछे उद्देश्य था कि ब्रजवासी गौ-धन एवं पर्यावरण के महत्व को समझें और उनकी रक्षा करें। आज भी हमारे जीवन में गायों का विशेष महत्व है। आज भी गायों के द्वारा दिया जाने वाला दूध हमारे जीवन में बेहद अहम स्थान रखता है।

वैसे तो आज गोवर्धन ब्रज की छोटी पहाड़ी है, किन्तु इसे गिरिराज (अर्थात पर्वतों का राजा) कहा जाता है। इसे यह महत्व या ऐसी संज्ञा इस लिये प्राप्त है क्यूंकि यह भगवान कृष्ण के समय का एक मात्र स्थाई व स्थिर अवशेष है। उस समय की यमुना नदी जहां समय-समय पर अपनी धारा बदलती रही है, वहां गोवर्धन अपने मूल स्थान पर ही अविचलित रुप में विधमान है। इसे भगवान कृष्ण का स्वरूप और उनका प्रतिक भी माना जाता है और इसी रुप में इसकी पूजा भी की जाती है।

बल्लभ सम्प्रदाय के उपास्य देव श्रीनाथ जी का प्राकट्य स्थल होने के कारण इसकी महत्ता और बढ़ जाती है। गर्ग संहिता में इसके महत्व का कथन करते हुए कहा गया है, 'गोवर्धन पर्वतों का राजा और हरि का प्यारा है, इसके समान पृथ्वी और स्वर्ग में कोई दूसरा तीर्थ नहीं है।' यद्यपि वर्तमान काल में इसका आकार-प्रकार और प्राकृतिक सौंदर्य पूर्व की अपेक्षा क्षीण हो गया है, फिर भी इसका महत्व कदापि कम नहीं हुआ है।

यदि आज के दिन कोई दुखी है तो वर्ष भर दुखी रहेगा इसलिए मनुष्य को इस दिन प्रसन्न होकर इस उत्सव को सम्पूर्ण भाव से मनाना चाहिए। इस दिन स्नान से पूर्व तेलाभ्यंग अवश्य करना चहिये। इससे आयु, आरोग्य की प्राप्ति होती है और दुःख दारिद्र का नाश होता है। इस दिन जो शुद्ध भाव से भगवत चरण में सादर समर्पित, संतुष्ट, प्रसन्न रहता है वह वर्ष पर्यंत सुखी और समृद्ध रहता है।

गोवर्धन पूजा के दिन पूजा करने से इंसान के जीवन में कभी भी आर्थिक संकट नहीं आता है।

गोवर्धन पूजा के दिन पूजा करने से घर में सुख शांति भी आती है।

गोवर्धन पूजा करने से इंसान को किसी भी प्रकार की परेशान या कष्ट नहीं सताते हैं।

भाई दूज का महत्व और मनाने की विधि



भाई दूज का त्योहार कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मनाया जाता है। इस त्योहार को यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। यह त्योहार दीपावली के दो दिन बाद मनाया जाता है। इस दिन यमराज देवता की पूजा की जाती है। भाई दूज का त्योहार भाई के प्रति बहन के स्नेह का प्रतीक माना जाता है। इस दिन बहन अपने भाई की खुशहाली की कामना करती है।

कहा जाता है कि कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की द्वितीया को यमी (यमुना) अपने भाई यम से मिलने के लिए व्याकुल थी तो इस दिन यम देव ने अपनी बहन यमी को दर्शन दिए थे तथा अपनी बहन को यह वरदान दिया कि इस दिन जो भाई बहन यमुना नदी में स्नान करेंगें उन्हें सुखों की प्राप्ति होगी। इसलिए इस दिन भाई दूज का त्योहार मनाने की प्रथा है। आगे की स्लाइड्स में जानें भाई दूज को किस विधि से मनाना रहेगा सबसे बेहतर...

भाई दूज के दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारें।

इसके बाद बहनें अपने भाइयों के हाथों में कलावा बांधें।

इसके बाद भाई का मुंह मीठा करने के लिए मिठाई खिलाएं। भाई भी बहनों के चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लें और उपहार दें।

संध्या काल के समय बहनें यमराज के नाम से चौमुख दीया जलाकर घर के बाहर दीये का मुख दक्षिण दिशा की ओर करके रखें।

यह भी मान्यता है कि इस दिन यदि आसमान में उड़ती हुई चील देखने में यदि बहनें भाईयों की आयु के लिये जो दुआ मांगती है, वह दुआ पूरी होती है।

दीपोत्सव : सेवा और मानवता के प्रकाश से जगमगाए जीवन



दीपावली केवल घरों को दीपों से सजाने और खुशियां मनाने का पर्व नहीं, बल्कि जीवन में आध्यात्मिक चेतना, सकारात्मकता, प्रेम और मानवता का प्रकाश फैलाने का संदेश देती है। यह पर्व हमें सिखाता है कि कठिनाइयों और निराशाओं के बीच भी विश्वास, धैर्य और सद्भावना का दीप जलाकर आगे बढ़ा जा सकता है।

भगवान श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटने की खुशी में नगरवासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से दीपावली सत्य की असत्य पर, धर्म की अधर्म पर और प्रकाश की अंधकार पर विजय का प्रतीक मानी जाती है। भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा, कर्तव्य और परिवार के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है।

दीपक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। यही दीपावली का सबसे बड़ा जीवन दर्शन है। हमें अपने सुख और स्वार्थ तक सीमित न रहकर दूसरों के जीवन में भी खुशियों का उजाला फैलाना चाहिए। जिस प्रकार एक दीपक से हजारों दीपक प्रज्वलित किए जा सकते हैं, उसी प्रकार प्रेम, करुणा और सेवा बांटने से कभी कम नहीं होते, बल्कि समाज में उनका प्रकाश बढ़ता जाता है।

आज के भौतिकतावादी और प्रतिस्पर्धा के दौर में दीपावली का वास्तविक संदेश समझना और भी आवश्यक है। हमें अपने मन से अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध और स्वार्थ को दूर कर प्रेम, विनम्रता, क्षमा और परोपकार को अपनाना चाहिए। यही सच्चे अर्थों में दीपोत्सव की सार्थकता है।

दीपावली की खुशियां तभी पूर्ण होती हैं, जब समाज के प्रत्येक वर्ग और जरूरतमंद व्यक्ति को इनमें शामिल किया जाए। किसी भूखे को भोजन कराना, असहाय की सहायता करना और किसी दुखी व्यक्ति के जीवन में आशा जगाना मानव सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है। मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है।

राधे-राधे ग्रुप, हैदराबाद भी इसी सेवा भावना को अपना आधार मानकर समाजसेवा के कार्यों में समर्पित है। अन्नसेवा, गौसेवा और जरूरतमंदों की सहायता के माध्यम से समाज में संवेदना, सहयोग और अपनत्व की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। हमारा विश्वास है कि किसी भूखे को भोजन कराने और जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाने से ही भक्ति वास्तविक रूप में साकार होती है।

दीपावली परिवार और समाज के रिश्तों को मजबूत बनाने का भी पर्व है। इस अवसर पर पुराने मनमुटाव भुलाकर बड़ों का आशीर्वाद लेना, छोटों को स्नेह देना और आपसी विश्वास बढ़ाना चाहिए। त्योहारों की असली खुशी महंगे उपहारों में नहीं, बल्कि अपनों के साथ बिताए प्रेमपूर्ण क्षणों और दूसरों के लिए किए गए निस्वार्थ कार्यों में छिपी होती है।

आइए, इस दीपोत्सव पर संकल्प लें कि अपने घरों के साथ-साथ विचारों, व्यवहार और कर्मों में भी प्रकाश फैलाएंगे। पर्यावरण संरक्षण, जरूरतमंदों की सहायता और सामाजिक एकता को प्राथमिकता देंगे। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर सद्भावना का दीप जलाएगा, तभी पूरा समाज प्रेम, शांति और भाईचारे से आलोकित होगा।



– जगत नारायण अग्रवाल
(संयोजक, राधे-राधे ग्रुप, हैदराबाद)

दीपावली का संदेश : प्रेम, सेवा और संस्कारों से रोशन हो जीवन

दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक चेतना, पारिवारिक एकता, सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों का महापर्व है। इसकी वास्तविक सार्थकता तभी है, जब हर घर के साथ जरूरतमंदों के जीवन में भी खुशियों का दीप प्रज्वलित हो।



दीपावली हमें अंधकार से प्रकाश, अज्ञान से ज्ञान और निराशा से आशा की ओर बढ़ने की प्रेरणा देती है। दीपक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। इसी प्रकार मनुष्य का एक अच्छा विचार, नेक कार्य और निस्वार्थ सेवा किसी दूसरे के जीवन में नई आशा का संचार कर सकती है।

राजकुमारी अग्रवाल ने दीपावली के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का अयोध्या आगमन सत्य, धर्म और सदाचार की विजय का प्रतीक है। उनका जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों और कर्तव्यों पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि दीपावली पर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा हमें धन के साथ विवेक, समृद्धि के साथ संस्कार और सफलता के साथ विनम्रता का महत्व समझाती है। वास्तविक समृद्धि केवल धन अर्जित करने में नहीं, बल्कि उसका सदुपयोग करने, जरूरतमंदों की सहायता करने और परिवार एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाने में है।

उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक जिम्मेदारियों को पीछे छोड़ता जा रहा है। दीपावली आत्मचिंतन का अवसर है। हमें विचार करना चाहिए कि हमने किसी जरूरतमंद की सहायता की या किसी निराश व्यक्ति के जीवन में आशा जगाने का प्रयास किया।

भारतीय संस्कृति में अन्नदान, गौसेवा, बुजुर्गों का सम्मान और असहाय लोगों की सहायता को विशेष महत्व दिया गया है। त्योहारों की वास्तविक खुशी तभी बढ़ती है, जब हम अपनी खुशियों में जरूरतमंदों को भी शामिल करते हैं। किसी गरीब परिवार को भोजन उपलब्ध कराना, बच्चों को मिठाई देना या किसी बुजुर्ग के चेहरे पर मुस्कान लाना भी सच्ची आराधना है।

राजकुमारी अग्रवाल ने सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कहा कि जाति, धर्म, भाषा और आर्थिक स्थिति के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। दीपावली हमें पुराने मतभेद भुलाकर प्रेम, भाईचारे और सद्भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश देती है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम दीपावली पर अपने घरों की सफाई करते हैं, उसी प्रकार मन से ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध, अहंकार और नकारात्मक विचारों को भी दूर करना चाहिए। साथ ही मिट्टी के दीपक जलाकर स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करना चाहिए तथा अनावश्यक आतिशबाजी से बचते हुए पर्यावरण, बच्चों, बुजुर्गों और पशु-पक्षियों की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए।

उन्होंने सभी से आग्रह किया कि इस दीपावली पर कम से कम एक ऐसा संकल्प अवश्य लें, जिससे किसी दूसरे व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए। कोई भूखा न सोए, जरूरतमंद सहायता से वंचित न रहे और समाज में प्रेम एवं सद्भाव की भावना निरंतर मजबूत होती रहे।अंत में राजकुमारी अग्रवाल ने समस्त देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और प्रभु श्रीराम से सभी के जीवन में सुख, शांति, आरोग्य और समृद्धि की कामना की।



– राजकुमारी अग्रवाल
(राधे-राधे ग्रुप, हैदराबाद)

गोवर्धन पूजा

सुबह 6:41 से 8:51 बजे तक रहेगा पूजन का शुभ मुहूर्त, भगवान श्रीकृष्ण को लगेगा 56 भोग



दीपावली के अगले दिन कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष यह पर्व 10 नवंबर 2026 को मनाया जाएगा। अन्नकूट का अर्थ है 'अन्न का ढेर'। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण, गोवर्धन पर्वत और गौ माता की पूजा की जाती है तथा भगवान कृष्ण को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाता है।

पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान, जयपुर-जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा तिथि 9 नवंबर 2026 को दोपहर 12:32 बजे शुरू होकर 10 नवंबर को दोपहर 2:01 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार 10 नवंबर को सूर्योदय के समय प्रतिपदा तिथि विद्यमान रहेगी। इसलिए गोवर्धन पूजा इसी दिन मनाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव का मान-मर्दन करने के लिए अपनी बाईं हाथ की कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों और पशु-पक्षियों को इंद्र के प्रकोप से बचाया था। इसी घटना की स्मृति में गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के वामन अवतार और राजा बलि से जुड़ी मान्यताओं का भी विशेष महत्व है। शहर में विभिन्न स्थानों पर नवधान्य से गोवर्धन पर्वत की आकृतियां बनाकर अन्नकूट प्रसाद वितरित किया जाएगा।

गोवर्धन पूजा का शुभ मुहूर्त

ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास के अनुसार 10 नवंबर को गोवर्धन पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 6:41 बजे से 8:51 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि धर्मसिंधु में प्रतिपदा तिथि, चंद्रदर्शन और पर्व मनाने से संबंधित नियमों का उल्लेख है। शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार गोवर्धन पूजा, गोक्रीड़ा, अन्नकूट और बलिराज पूजा के लिए तिथि का विचार आवश्यक है। इस वर्ष उदया तिथि के आधार पर 10 नवंबर को ही यह पर्व मनाना उचित है।

पूजा विधि

गोवर्धन पूजा के दिन घर के आंगन या बाहर गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाई जाती है। इसे फूलों से सजाकर दीपक, पुष्प, फल और प्रसाद अर्पित किए जाते हैं। गोवर्धन देवता की आकृति शयन मुद्रा में बनाई जाती है तथा उनकी नाभि के स्थान पर मिट्टी का दीपक रखा जाता है। पूजा के बाद सात बार परिक्रमा की जाती है। परिक्रमा के दौरान लोटे से जल गिराते हुए और जौ बोते हुए परिक्रमा करने की परंपरा है।

गोवर्धन पूजा का महत्व

डॉ. व्यास ने बताया कि मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने ही गोवर्धन पूजा की शुरुआत करवाई थी। उन्होंने गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों और उनके पशुधन को इंद्रदेव के क्रोध से बचाया था। इसलिए इस दिन गिरिराज गोवर्धन के साथ भगवान श्रीकृष्ण और गौ माता की पूजा की जाती है। अन्नकूट महोत्सव के माध्यम से अन्न के प्रति कृतज्ञता, प्रकृति और गौवंश के संरक्षण का संदेश भी दिया जाता है।

` ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास

11 नवंबर को मनाई जाएगी भाई दूज

बहनें करेंगी भाइयों को तिलक, सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की करेंगी कामना



दीपावली के पांच दिवसीय उत्सव का समापन भाई दूज के पर्व के साथ होता है। यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज मनाई जाती है।

इस दिन बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करती हैं। भाई भी बहनों को उपहार देकर उनके सुखी जीवन की कामना करते हैं।

पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान, जयपुर-जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि पंचांग के अनुसार कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि 10 नवंबर 2026 को दोपहर 2:01 बजे शुरू होगी और 11 नवंबर को दोपहर 3:54 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार 11 नवंबर को सूर्योदय के समय द्वितीया तिथि विद्यमान रहने के कारण भाई दूज का पर्व इसी दिन मनाया जाएगा।

भाई दूज को भैया दूज, भाई टीका, यम द्वितीया, भ्रातृ द्वितीया, भाऊ बीज और भतरु द्वितीया आदि नामों से भी जाना जाता है। इस दिन बहनें भाइयों को घर आमंत्रित कर भोजन कराती हैं, तिलक लगाती हैं और उनके मंगलमय जीवन की प्रार्थना करती हैं। भाई अपनी बहनों को उपहार देते हैं।

भाई दूज की पूजा विधि

भाई दूज के दिन शुभ मुहूर्त में यमराज, चित्रगुप्त और यमदूतों की पूजा कर उन्हें अर्घ्य देने की परंपरा है। बहनें भाई की दीर्घायु के लिए यमराज की प्रतिमा का पूजन कर प्रार्थना करती हैं। इसके बाद भाई को तिलक लगाकर भोजन कराया जाता है। भाई अपनी सामर्थ्य और इच्छानुसार बहन को उपहार देते हैं। मान्यता है कि इस दिन बहन के हाथों भोजन करने से भाई की आयु बढ़ती है और उसके जीवन के कष्ट दूर होते हैं।

यमुना और यमराज की पूजा का महत्व

पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने धरती पर आए। उस दिन कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि थी। भाई के आगमन पर यमुना ने उनका आदर-सत्कार किया, तिलक लगाया और भोजन कराया। बहन के प्रेम और स्नेह से प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान दिया कि इस तिथि पर यमुना में स्नान कर यमराज की पूजा करने वाले व्यक्ति को मृत्यु के बाद यमलोक की यातनाएं नहीं सहनी पड़ेंगी।

तभी से कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना स्नान और यमराज की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। डॉ. व्यास के अनुसार स्कंद पुराण में भी यमराज की पूजा से मनोकामनाएं पूर्ण होने का उल्लेख मिलता है। भाई दूज का पर्व भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, सम्मान और पारिवारिक एकता को मजबूत करने का संदेश देता है।

` ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास



शमी ने भारतीय ड्रेसिंग रूम में मेरी काफी मदद की : मोर्ने मोर्कल

नई दिल्ली

भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की तारीफ करते हुए कहा कि जब उन्होंने भारतीय टीम के साथ काम करना शुरू किया था, तब शमी ने ड्रेसिंग रूम में उन्हें भारतीय क्रिकेट की कार्यशैली और माहौल समझने में काफी मदद की थी। मोर्कल ने शमी के संन्यास को दुखद दिन बताया।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्कल वर्ष 2024 में मुख्य कोच गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ के हिस्से के रूप में भारतीय टीम से जुड़े थे। हालांकि, उन्हें टेस्ट प्रारूप में शमी के साथ काम करने का मौका नहीं मिला, लेकिन वर्ष 2025 की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान दोनों ने कुछ समय साथ बिताया था। यह भारतीय जर्सी में शमी की आखिरी प्रतियोगिता थी।

प्रसारणकर्ता सोनी स्पोर्ट्स से मैच से पहले बातचीत में मोर्कल ने कहा, जब मैंने पहली बार टीम के साथ काम करना शुरू किया, तब शमी टीम का हिस्सा थे। मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं। वह बेहद कुशल खिलाड़ी हैं और टीम के साथ ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी काफी अहम थी। जब मैं टीम से जुड़ा, तब उन्होंने ड्रेसिंग रूम में मुझे भारतीय माहौल और यहां की भाषा समझने में काफी मदद की। उन्होंने मेरी बहुत सहायता की। उन्हें क्रिकेट से विदा लेते देखना दुखद है।

शमी ने तीनों प्रारूपों में भारत के लिए कुल 462 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए। इनमें टेस्ट क्रिकेट में 229 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 206 विकेट शामिल हैं। हालांकि, वह बंगाल के लिए सीमित ओवरों का घरेलू क्रिकेट और आईपीएल खेलना जारी रखेंगे।

मोर्कल ने कहा कि उन्हें यह देखकर अच्छा लगता है कि शमी अब भी घरेलू क्रिकेट में पूरी मेहनत और उसी तीव्रता के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरा मतलब है कि वह अब भी अपने घर पर काफी ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं और यह देखकर अच्छा लगता है।

36 वर्षीय शमी ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट पदार्पण किया था। अपने करियर में उन्होंने 64 टेस्ट मैचों में 229 विकेट हासिल किए, जिसमें छह बार एक पारी में पांच या उससे अधिक विकेट लेने का कारनामा शामिल है।

शमी ने भारत के लिए घरेलू और विदेशी परिस्थितियों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। खासकर विदेशी मैदानों पर उनकी गेंदबाजी उल्लेखनीय रही। उन्होंने 41 विदेशी टेस्ट मैचों में 30.33 के औसत से 145 विकेट लिए। नई और पुरानी दोनों गेंदों से स्विंग तथा सीम मूवमेंट हासिल करने की उनकी क्षमता ने उन्हें भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण का भरोसेमंद सदस्य बनाया।

शमी ने अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला वर्ष 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में खेला था। चोटों के कारण उनके करियर में कई बार रुकावटें आईं, लेकिन उन्होंने तीनों प्रारूपों में भारतीय टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।


न्यूज ब्रीफ

आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में खराब प्रदर्शन से मनु और सुरुचि ओलंपिक कोटा से चूकीं



दोहा। भारत की स्टार महिला निशानेबाज मनु भाकर और सुरूचि इंदर सिंह को 2028 लांस एंजिल्स ओलंपिक के लिए कोटा नहीं मिल पाया है। जिससे इनके प्रशंसक निराश है। ये दोनो ही आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप की महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पदक हासिल करने में विफल रहीं थीं। इसी कारण इन्हें ओलंपिक के लिए प्रवेश नहीं मिल पाया है। मनु के लिए ये और भी निराशाजन कै क्योंकि पिछले ओलंपिक में उन्हें दो पदक मिले थे। दोनों ही खिलाड़ियों का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा और वे आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप जैसे प्रवेश टूर्नामेंट में भी प्रभावित नहीं कर पायीं। अब उन्हें ओलंपिक में प्रवेश के लिए अन्य क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में किस्मत आजमानी पड़ेगी फाइनल मुकाबले में अनुभवी भाकर 179.9 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहीं थी, जबकि एशियाई खेलों की मिश्रित टीम स्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता सुरुचि इंदर सिंह को 158.3 अंक के साथ छठा स्थान मिला था। इस परिणाम के साथ ही, विश्व चैंपियनशिप में भारत का व्यक्तिगत पदक और ओलंपिक कोटा का इंतजार जारी रहा। यह चैंपियनशिप लास एंजिलिस ओलंपिक के लिए व्यक्तिगत स्पर्धा का कोटा हासिल करने के लिए पहली बड़ी स्पर्धा है, जिससे भारतीय निशानेबाजी की संभावनों को झटका लगा है।

फिनले बीन ने नार्थम्पटनशायर काउंटी क्रिकेट कलब से करार किया



लंदन। इंग्लैंड के यार्कशायर के शीर्ष क्रम के विकेटकीपर बल्लेबाज फिनले बीन ने नार्थम्पटनशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के साथ तीन साल का करार किया है। फिनले के इस कदम से सभी हैरान है क्योंकि यार्कशायर के साथ उनका अनुबंध अभी दो साल बचा हुआ था। माना जा रहा है कि फिनले इससे अब अपने खेल को और बेहतर बना सकते हैं। गौरतलब है कि यार्कशायर के लिए काउंटी चैंपियनशिप के शुरुआती मैचों में शानदार शतक लगाने और 25.22 के प्रभावशाली औसत को बनाए रखने के बाद भी फिनले को कई बार टीम की अंतिम ग्यारह में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। मैदान पर अधिक समय बिताने और अपनी प्रतिभा को पूरी तरह से प्रदर्शित करने की इच्छा से उन्हें यह बड़ा निर्णय लेने पर मजबूर किया। उनका नार्थम्पटनशायर में शामिल होना उनके लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर रहेगा।

पश्चिम एशिया में तनाव से एशियन कप टूर्नामेंट टला



दुबई। एशियाई फुटबाल संघ (एएफसी) ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए सऊदी अरब में अगले साल की शुरुआत में होने वाला एशियन कप 2027 अब साल के अंत में आयोजित किया जाएगा। पहले ये टूर्नामेंट 7 जनवरी से 5 फरवरी 2027 तक होने वाला था पर अब ये 23 दिसंबर 2027 से 21 जनवरी 2028 तक खेला जाएगा। इस नये कार्यक्रम को हालांकि अभी अंतरराष्ट्रीय फुटबाल महासंघ (फीफा) की मंजूरी नहीं मिली है। एएफसी के अनुसार प्रतियोगिता की आयोजन समिति ने मौजूदा असाधारण हालातों को देखते हुए तारीखों में बदलाव किया है। परिसंघ के अनुसार, क्षेत्र में हाल के घटनाक्रम को देखते हुए सुरक्षा के साथ-साथ टीमों, अधिकारियों, दर्शकों और आयोजन से जुड़े अन्य लोगों की यात्रा और अन्य प्रकार की व्यवस्था करना संभव नहीं है। यह फैसला इसलिए भी हैरानी भर है क्योंकि पिछले महीने ही एएफसी अध्यक्ष शेख सलमान ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बावजूद टूर्नामेंट की तैयारियां तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रहने की बात कही थी। हालांकि, सऊदी अरब पर हूती विद्रोहियों के लगातार हमलों से हालात बदल गये और सुरक्षा चिन्ताएं शुरु हो गयीं। क्षेत्र में तनाव के कारण हाल ही में क्लब फुटबाल पर भी प्रभाव देखा गया है। हाल ही में सऊदी अरब के प्रमुख क्लब अल नासर का अल वस्ल के खिलाफ एशियाई चैंपियंस लीग का मुकाबला टालना पड़ा था, क्योंकि संयुक्त अरब अमीरात की टीम ने सुरक्षा कारणों से रियाद जाने से इनकार कर दिया था। इस बीच, 2015 की एशियाई कप विजेता आस्ट्रेलिया ने पिछले सप्ताह यह साफ किया था कि वह क्षेत्र में होने वाले अपने मैत्री मुकाबलों (दोहा में कतर और अम्मान में जार्डन के खिलाफ) में हिस्सा लेने के लिए तैयार है।

न्यूजीलैंड की एक साल में भारत से 11वीं हार घरेलू मैदान पर बनाया सबसे कम स्कोर

दूसरे वनडे में बने पांच बड़े रिकॉर्ड, विराट कोहली ने रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा





वेलिंगटन। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में टीम इंडिया ने डकवर्थ-लुईस नियम के तहत न्यूजीलैंड को 4 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। इस मुकाबले में कई बड़े रिकॉर्ड बने। न्यूजीलैंड को इस साल भारत के खिलाफ 11वीं हार का सामना करना पड़ा, जबकि घरेलू मैदान पर उसने अपना सबसे कम वनडे स्कोर बनाया। वहीं, विराट कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। आइए जानते हैं इस मुकाबले में बने पांच प्रमुख रिकॉर्ड।

एक साल में 11वीं हार

न्यूजीलैंड को इस मुकाबले में डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 4 रन से हार मिली। यह वर्ष 2026 में भारत के खिलाफ उसकी 11वीं हार है। पहली बार ऐसा हुआ है, जब न्यूजीलैंड को एक कैलेंडर वर्ष में किसी एक टीम के हाथों 11 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। आगामी तीन वनडे और दो टेस्ट मुकाबलों में यह आंकड़ा 15-16 तक पहुंच सकता है। इससे पहले न्यूजीलैंड का सबसे खराब रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ था, जब उसे वर्ष 2005 में 10 मैचों में हार मिली थी। इंग्लैंड ने भी वर्ष 2008 में उसे नौ मुकाबलों में हराया था।

सात साल पुराना रिकॉर्ड दोहराया

न्यूजीलैंड को अपने घरेलू मैदान पर लगातार दूसरे वनडे में हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उसका सात साल पुराना रिकॉर्ड भी दोहराया गया। इससे पहले जनवरी 2019 में भारत के खिलाफ ही न्यूजीलैंड को घरेलू मैदान पर लगातार दो वनडे मैचों में हार मिली थी। गौरतलब है कि जनवरी 2019 में भारत के हाथों मिली हार के बाद से न्यूजीलैंड ने अपने घर में कोई वनडे सीरीज नहीं गंवाई थी। ऐसे में भारत ने एक बार फिर न्यूजीलैंड को उसी के घरेलू मैदान पर मुश्किल में डाल दिया है।

25 साल बाद खराब प्रदर्शन

दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी पूरी तरह नाकाम रही। कीवी टीम भारत के खिलाफ लगातार दो वनडे मुकाबलों में 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकी। इससे पहले जनवरी-फरवरी 2001 में श्रीलंका के खिलाफ एक ही सीरीज में न्यूजीलैंड की टीम लगातार दो वनडे मैचों में 200 रन से पहले ऑलआउट हुई थी। इस तरह करीब 25 साल बाद उसे फिर इस खराब रिकॉर्ड का सामना करना पड़ा।

भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड का सबसे कम वनडे स्कोर अब 2026 में वेलिंगटन में बनाया गया 134 रन है। इससे पहले वर्ष 1994 में ऑकलैंड में टीम 142 रन पर सिमटी थी। इसके अलावा वर्ष 2019 में नेपियर में 157, वर्ष 2003 में वेलिंगटन में 168 और वर्ष 2026 में ऑकलैंड में 185 रन पर ऑलआउट हुई थी।

कोहली ने पोंटिंग को पछाड़ा

भारतीय दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह इस टीम के खिलाफ वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली के नाम अब न्यूजीलैंड के खिलाफ 1975* रन हो गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ दिया, जिनके नाम कीवी टीम के खिलाफ 1971 रन दर्ज हैं।

इस सूची में सचिन तेंदुलकर 1750 रन के साथ तीसरे, कुमार संगकारा 1568 रन के साथ चौथे और सनथ जयसूर्या 1519 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं। जैक्स कैलिस ने भी न्यूजीलैंड के खिलाफ 1449 रन बनाए हैं।

गुरनूर बरार का शानदार प्रदर्शन

दूसरे वनडे में भारतीय तेज गेंदबाज गुरनूर बरार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 30 रन देकर चार विकेट हासिल किए और न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी को झकझोर दिया। न्यूजीलैंड की धरती पर किसी भारतीय तेज गेंदबाज का यह दूसरा सर्वश्रेष्ठ वनडे प्रदर्शन है।

इस मामले में जवागल श्रीनाथ शीर्ष पर हैं, जिन्होंने वर्ष 2003 में ऑकलैंड में 23 रन देकर चार विकेट लिए थे। श्रीनाथ ने वर्ष 1995 में नेपियर में भी 52 रन देकर चार विकेट हासिल किए थे। वहीं, मोहम्मद शमी ने वर्ष 2014 में नेपियर में 55 रन देकर चार विकेट और अर्शदीप सिंह ने वर्ष 2026 में ऑकलैंड में 70 रन देकर चार विकेट लिए थे।

हैरी केन अब साल 2029 तक बायर्न म्यूनिख में ही रहेंगे

लंदन

इंग्लैंड की फुटबॉल टीम के कप्तान हैरी केन का जर्मन क्लब बायर्न म्यूनिख क्लब के साथ करार साल 2029 तक बढ़ गया है। इससे अब केन यूरोपीय फुटबॉल के ऐसे खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गये हैं जिन्हें सबसे अधिक वेतन मिलता है। इस सूची में किलियन एमबाप्पे और एर्लिंग हालैंड जैसे दिग्गज शामिल हैं।

नये करार के साथ ही केन को प्रति सप्ताह 4 लाख पाउंड से अधिक का वेतन मिलेगा। इस समझौते के साथ ही केन के क्लब छोड़कर कहीं और जाने की अटकलें भी समाप्त हो गयी हैं। गौरतलब है कि केन साल 2023 में टोटेनहम हॉटस्पर से बायर्न म्यूनिख में आये थे, जहां उनका चार साल का करार समाप्त होने जा रहा था। वहीं अब क्लब ने उनके बेहतरीन प्रदर्शन और टीम के प्रति समर्पण को देखते हुए उनका करार बढ़ा दिया है। वहीं मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अब वह वेतन के मामले में किलियन एमबाप्पे और एर्लिंग हालैंड के दिग्गजों की सूची में शामिल हो गये हैं। गौरतलब है कि केन के लिए पिछला सत्र बेहद खास रहा, जहां उन्होंने 73 गोल दागकर प्रतिष्ठित , बैलन डीओर जीता। वह 25 साल में यह पुरस्कार हासिल करने वाले पहले इंग्लिश खिलाड़ी बने। बायर्न ने उनके आने के बाद से ही बुंडेसलीगा का खिताब भी जीता और पिछले सत्र में जर्मन कप भी हासिल किया, जिससे केन के करियर में खिताबों का सूखा खत्म हुआ। उन्होंने जर्मनी की शीर्ष फुटबॉल लीग में सिर्फ 98 मैचों में 100 गोल पूरे किए, जो इस उपलब्धि



सबसे अधिक वेतन पाने वालों में शामिल

तक पहुंचने का सबसे तेज रिकॉर्ड है। बायर्न के लिए अब तक उन्होंने 161 मैचों में 156 गोल किए हैं, और इस सीज़न में भी 12 गोल दाग चुके हैं।वहीं इससे पहले फीफा विश्वकप में भी उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रभावित किया था। राष्ट्रीय टीम के लिए भी केन का प्रदर्शन शानदार रहा है। हाल ही में चेकिया के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने अपना 125वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर पीटर शिल्टन के 1990 में बनाए रिकॉर्ड की बराबरी की। वह इंग्लैंड के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी भी हैं, जिनके नाम 91 अंतरराष्ट्रीय गोल दर्ज हैं।नए करार पर खुशी जताते हुए केन ने कहा, मैं बायर्न, यहां के प्रशंसकों और म्यूनिख शहर में खुद को घर जैसा महसूस करता हूं। मेरा परिवार भी यहां खुश है, और मैं क्लब के साथ बने रहना चाहता था। अब मेरा लक्ष्य टीम के साथ और अधिक खिताब जीतना है। उन्होंने कोच विंसेंट कोम्पनी और पूरी टीम की भी तारीफ की।क्लब के अध्यक्ष हर्बर्ट हाइनर ने केन के बायर्न से जुड़ने को क्लब के इतिहास का खास हिस्सा बताया, जबकि सीईओ यान-क्रिश्चियन ड्रेसन ने इसे क्लब, प्रशंसकों और बुंडेसलीगा के लिए शुभ संकेत करार दिया।

पर्वतारोहण में भारत की नई उपलब्धि




नई दिल्ली। भारतीय पर्वतारोही कविता चंद ने अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर नया भारतीय रिकार्ड कायम किया है। उन्होंने महज 22 घंटे 36 मिनट में चोटी पर चढ़ाई करने और वापस शुरुआती स्थान तक पहुंचने का सफर पूरा किया। इसके साथ ही वह 24 घंटे से कम समय में किलिमंजारो का राउंड ट्रिप पूरा करने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। उन्होंने 12 घंटे 46 मिनट में 5895 मीटर ऊंची उहुरू पीक पर पहुंचकर एक और शानदार उपलब्धि हासिल की। कविता ने यह चुनौती मवेका गेट-उहुरू पीक-मवेका गेट रूट के जरिए पूरी की। आमतौर पर किलिमंजारो की चढ़ाई और वापसी में पांच से नौ दिन का समय लगता है। इसकी वजह अधिक ऊंचाई पर शरीर को वातावरण के अनुकूल बनाने (एक्लिमेटाइजेशन) की जरूरत होती है। ऐसे में कविता की यह उपलब्धि उनकी शारीरिक क्षमता, सहनशक्ति और कठिन तैयारी को दर्शाती है। शिकागो मैराथन से किलिमंजारो तक की तैयारी किलिमंजारो पर स्पीड क्लाइबिंग के लिए कविता ने कई महीनों तक तैयारी की थी।

एकदिवसीय में इन क्रिकेटरों के नाम हैं सबसे तेज अर्धशतक

जोहांसबर्ग

एकदिवसीय क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स के नाम एक ऐसा रिकार्ड है जो पिछले 11 साल में कोई भी बल्लेबाज नहीं तोड़ पाया है। ये है सबसे तेज अर्धशतक का। डिविलियर्स के अलावा चार और बल्लेबाज हैं जिनके नाम सबसे तेज अर्धशतक हैं। डिविलियर्स ने साल 2015 में जोहन्सबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलते हुए केवल 16 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया था। यह सिर्फ एक फिफ्टी नहीं, बल्कि एक आतिशी पारी की शुरुआत थी, जहां उन्होंने कुल 149 रन बनाए, जिसमें 16 विशाल छक्के और 9 शानदार चौके शामिल थे। उनकी वह पारी एकदिवसीय इतिहास की सबसे आक्रामक बल्लेबाजी मानी जाती है। हाल ही में वेस्टइंडीज के युवा आलराउंडर मैथ्यू फोर्ड ने भी 23 मई 2025 को डब्लिन में आयरलैंड के खिलाफ केवल मात्र 16 गेंदों में अपने पचास रन पूरे किये थे हालांकि इसके बाद भी डिविलियर्स का नाम सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी के तौर पर अभी भी दर्ज है।

इन दिग्गजों के अलावा, कुछ और बल्लेबाज हैं जिन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से 17 गेंदों में अर्धशतक पूरा करने का कारनामा किया है। इस सूची में सबसे पहले नाम आता है श्रीलंका के पूर्व विस्फोटक सलामी बल्लेबाज सनथ



जयसूर्या का, जिन्होंने 7 अप्रैल 1996 को सिंगापुर में पाकिस्तान के खिलाफ सिर्फ 17 गेंदों पर पचास रन बनाकर तूफानी बल्लेबाजी का नया चलन स्थापित किया था। उनकी 76 रनों की पारी में 5 छक्के और 8 चौके शामिल थे। कई साल बाद उन्हीं की शैली को दोहराते हुए एक और श्रीलंकाई बाएं हाथ के बल्लेबाज कुसल परेरा ने 15 जुलाई 2015 को पल्लेकेले में पाकिस्तान के खिलाफ 17 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। परेरा ने अपनी 68 रनों की पारी में 13 चौके और 2 छक्के जमाए। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल भी इसी साल (2015) 28 दिसंबर को क्राइस्टचर्च में श्रीलंका के खिलाफ महज 17 गेंदों में अर्धशतक जड़कर इस विशिष्ट क्लब में शामिल हुए। गप्टिल ने 93 रनों की अपनी नाबाद पारी में 8 छक्के और 9 चौके लगाए, जिससे न्यूजीलैंड ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

वर्ष 2015, जहां एक तरफ डिविलियर्स ने विश्व रिकार्ड बनाया, वहीं परेरा और गप्टिल ने भी अपनी आतिशी पारियों से इस साल को पावर-हिटिंग के लिए स्वर्णिम बना दिया। ये पारियां केवल आंकड़ों का खेल नहीं थीं, बल्कि इन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट के स्वरूप को बदलने में अहम भूमिका निभाई है।

सेंट फ्राबेल ने जीता दिल्ली कैपिटल्स स्कूल कप का खिताब, सेंट फ्राबेल ने रोका माडर्न स्कूल का दो सत्रों का अजेय अभियान

गुरुग्राम

सेंट फ्राबेल, पश्चिम विहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मौजूदा चैंपियन माडर्न स्कूल, बाराखंभा रोड को आठ विकेट से हराकर 2026 दिल्ली कैपिटल्स स्कूल कप का खिताब अपने नाम कर लिया। द गेम्स फारेस्ट मैदान पर खेले गए फाइनल में सेंट फ्राबेल ने माडर्न स्कूल के दो सत्रों से चले आ रहे अजेय अभियान पर विराम लगा दिया।

माडर्न स्कूल ने पहले संस्करण और 2026 प्रतियोगिता में फाइनल तक अपने सभी मुकाबले जीते थे। हालांकि, खिताबी मुकाबले में कर्ण शर्मा की अगुवाई में सेंट फ्राबेल के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज लक्ष्य नारंग की विस्फोटक पारी ने टीम को यादगार जीत दिलाई। सेंट फ्राबेल ने 56 रन का लक्ष्य महज 3.2 ओवर में हासिल कर लिया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी माडर्न स्कूल की टीम सेंट फ्राबेल की अनुशासित गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 15.3 ओवर में 55 रन पर सिमट गई। कर्ण शर्मा ने 17 रन देकर चार



विकेट झटके, जबकि पार्थ भाटिया ने छह रन देकर दो विकेट हासिल किए। सेंट फ्राबेल के गेंदबाजों ने पूरे मैच में विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। माडर्न स्कूल का केवल एक बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर सका।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट फ्राबेल की टीम को सलामी बल्लेबाज लक्ष्य नारंग ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने महज 14 गेंदों पर पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से 48 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर सेंट फ्राबेल ने 3.2 ओवर में दो विकेट पर 58 रन बनाकर खिताब जीत लिया।

अभीर सुदान को आरेंज कैप और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार – बल्लेबाजी में नोएडा के बिलाबोंग स्कूल के अभीर सुदान का दबदबा रहा। उन्होंने पांच पारियों में 249 के स्ट्राइक रेट और 210 के औसत से 421 रन बनाकर आरेंज कैप हासिल की। उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। समग्र प्रदर्शन रैंकिंग में भी वह शीर्ष पर रहे।

सेंट फ्राबेल स्कूल के नूर मोहम्मद 259 रन बनाकर दूसरे स्थान पर रहे, जबकि द्वारका के वेंकटेश्वर इंटरनेशनल स्कूल के देवन राणा ने 255 रन के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। माडर्न स्कूल के वायन 252 रन बनाकर चौथे और माडर्न स्कूल, बाराखंभा रोड के तन्मय चौधरी 241 रन के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

विनायक को पर्पल कैप, बिलाबोंग स्कूल को फेयर प्ले अवार्ड – गेंदबाजी में माडर्न स्कूल, बाराखंभा रोड के विनायक ने 5.55 की इकानमी से 15 विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम की। बिलाबोंग स्कूल, नोएडा के आरव शर्मा 14 विकेट के साथ दूसरे और सलवान बायज स्कूल के दक्ष डागर 13 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर रहे। सेंट फ्राबेल स्कूल के पवन बघेल ने 12 विकेट लेकर चौथा और डीपीएस आरके पुरम के मृणायक ने 11 विकेट के साथ पांचवां स्थान हासिल किया।

पूरे टूर्नामेंट में खेल भावना और अनुशासित व्यवहार के लिए फेयर प्ले अवार्ड बिलाबोंग स्कूल, नोएडा को दिया गया।

38 टीमों ने लिया हिस्सा – दिल्ली कैपिटल्स स्कूल कप के दूसरे संस्करण का विस्तार किया गया था। इसमें दिल्ली-एनसीआर के चार मैदानों पर 38 टीमों के बीच कुल 66 मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता की शुरुआत 9 अक्टूबर को हुई थी, जबकि फाइनल 6 नवंबर को खेला गया। एक महीने तक चली इस प्रतियोगिता ने युवा क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान किया।



धनतेरस बीतते ही सर्राफा बाजार में आई गिरावट, फीकी पड़ी सोना और चांदी की चमक

नई दिल्ली

धनतेरस बीतते ही नरक चतुर्दशी के दिन घरेलू सर्राफा बाजार में शुरुआती कारोबार के गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में कमजोरी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना 2,370 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,580 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी में भी शुरुआती कारोबार के दौरान 5,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है।

भाव में बदलाव आने के कारण देश के अलग-अलग सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,43,450 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 1,31,490 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,31,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण यह चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,04,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,43,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 1,43,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,31,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,43,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चंडीगढ़ में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,31,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोना गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,43,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

न्यूज ब्रीफ

भारत में जल्द लान्च होगी होंडा की पहली इलेक्ट्रिक कार अल्फा

नई दिल्ली। भारतीय बाजार में होंडा कंपनी अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार उतारने की तैयारी कर रही है।



इस बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक एसयूवी का वैश्विक पदार्पण 2 दिसंबर को भारत में किया जाएगा। इस कार का नाम होंडा अल्फा होगा। कंपनी की घोषणा के अनुसार, होंडा इस कार का निर्माण राजस्थान के टपूकड़ा स्थित अपने संयंत्र में करेगी, जिससे यह संयंत्र इस माडल के लिए एक वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में भी विकसित हो सकता है। होंडा अल्फा को कंपनी के 0 अल्फा कान्सेप्ट के आधार पर तैयार किया जा रहा है, जिसे अक्टूबर 2025 में प्रदर्शित किया गया था। विशेषज्ञों के अनुसार, नई एसयूवी में कान्सेप्ट के विशिष्ट डिजाइन को काफी हद तक बरकरार रखा जाएगा, जिसमें एक लगभग सीधा खड़ा पिछला डिजाइन, मोटा सी-पिलर और एक बड़ा पिछला शीशा शामिल होगा। आगे के हिस्से में रोशनी वाला होंडा लोगो और चार्जिंग पोर्ट दिए जाने की संभावना है। तकनीकी विवरणों का खुलासा अभी नहीं किया गया है, लेकिन जानकारों के अनुसार, इसे लगभग 65 किलोवाट-घंटे से 75 किलोवाट-घंटे की क्षमता वाले दो एलएफपी बैटरी विकल्पों के साथ पेश किया जा सकता है। शुरुआत में इसमें एक इलेक्ट्रिक मोटर और आगे के पहियों को शक्ति देने वाली व्यवस्था मिलने की उम्मीद है। केबिन के अंदर एक बड़ी टचस्क्रीन और चालक के लिए एक डिजिटल डिस्प्ले दी जा सकती है। इसमें तीन स्पोक वाला फ्लैट-बाटम स्टीयरिंग व्हील और वातानुकूलन व हवादार सीटों जैसी सुविधाओं को नियंत्रित करने के लिए भौतिक बटन भी मिलेंगे।

हीरो मोटोकार्प ने नई हार्ले-डेविडसन एक्स 350 टी से पर्दा उठाया

नई दिल्ली। इटली में आयोजित ईआईसीएमए 2026 में हीरो मोटोकार्प ने नई हार्ले-डेविडसन एक्स 350 टी से पर्दा उठा दिया है। माना जा रहा है कि इसे जल्द ही भारतीय बाजार में बिक्री के लिए उतारा जा सकता है। यह कंपनी की एक नई रोडस्टर बाइक है, जिसे मौजूदा एक्स 440 टी के मुकाबले छोटे इंजन के साथ तैयार किया गया है। नई एक्स 350 टी का डिजाइन काफी हद तक एक्स 440 टी से मिलता-जुलता है, जिसमें पिछले साल पेश की गई एक्स 440 टी के कई डिजाइन और बेहतर फिनिश को बरकरार रखा गया है। हालांकि, लागत और इंजन क्षमता के अनुरूप कुछ बदलाव किए गए हैं, जैसे इंजन के फिन्स और अलाय व्हील्स पर मशीनी फिनिश का अभाव, और सामान्य रियर-व्यू मिरर का उपयोग। इन बदलावों के बावजूद बाइक का समग्र डिजाइन और फीचर काफी हद तक एक्स 440 टी जैसा ही है। इसमें 350सीसी का एयर-आयल कूल्ड इंजन दिया गया है। कंपनी ने अभी इसके पावर और टार्क के आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं किए हैं, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार, यह एक्स 440 टी के 27 हार्सपावर और 38 एनएम टार्क से कम रहने की उम्मीद है।

अमेजन को टिकटाक की सीधी टक्कर, शाप से बदला लेने को तैयार



नई दिल्ली। अमेजन और टिकटाक के बीच टेक जगत में द ग्रेट ई-कामर्स और सोशल कापीकैप वार तेज हो गया है। अमेजन के वीडियो-आधारित शापिंग फीचर की विफलता के बाद, अब टिकटाक ने ई-कामर्स में कदम रखकर अमेजन को सीधा मुकाबला देने की तैयारी कर ली है। दोनों ही कंपनियां एक-दूसरे के मुख्य व्यवसाय पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रही हैं। इसकी शुरुआत अमेजन ने की थी। कंपनी ने युवा पीढ़ी की वीडियो-आधारित खरीदारी प्रवृत्ति को देखते हुए, टिकटाक के शार्ट-वीडियो फार्मेट से प्रेरित होकर अमेजान इंस्पायर लान्च किया था। इसका उद्देश्य ऐप के भीतर वीडियो देखते हुए सीधे खरीदारी की सुविधा देना था। हालांकि, यह फीचर सफल नहीं हुआ और 18 फरवरी 2025 को इसे आधिकारिक रूप से बंद कर दिया गया। इसके जवाब में टिकटाक अब टिक टाक शाप के नाम से अपना ई-कामर्स प्लेटफार्म तैयार कर रहा है, जो सीधे अमेजन के मुख्य व्यवसाय को चुनौती देगा। बाइटडांस स्वामित्व वाली यह कंपनी सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड और फिलीपींस जैसे देशों में चुपचाप इसे लान्च कर चुकी है। एप्पल और एंड्राइड पर उपलब्ध इस ऐप में अमेजन की तरह सर्च बार, कार्ट और प्रोडक्ट कैटलाग मौजूद हैं। इतना ही नहीं, टिकटाक ने अब अपने वेयरहाउस भी बनाए हैं और पैकेजिंग व डिलीवरी चेन भी तैयार की है ताकि ग्राहकों तक सामान सीधे पहुंच सके।

एचडीएफसी बैंक ने बढ़ाई एफडी दरें, वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा 7.20 फीसदी तक ब्याज

4 नवंबर से लागू हुई नई दरें, ग्राहकों को 0.50 फीसदी तक अधिक रिटर्न

नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े निजी बैंकों में से एक एचडीएफसी बैंक ने अपने ग्राहकों को राहत देते हुए सावधि जमा (एफडी) पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। बैंक ने विभिन्न अवधियों की एफडी पर ब्याज दरों में अधिकतम 0.50 प्रतिशत तक की वृद्धि की है, जो 4 नवंबर से लागू हो गई हैं। यह कदम विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और छोटी व मध्यम अवधि की जमा पर निवेश करने वालों के लिए फायदेमंद होगा, क्योंकि उन्हें अपनी बचत पर अब बेहतर रिटर्न मिलेगा। खबर: एचडीएफसी बैंक की ओर से की गई यह ब्याज दर बढ़ोतरी तीन करोड़ रुपये से कम की जमा राशि वाली एफडी पर लागू होगी। नई दरों के अनुसार, वरिष्ठ नागरिकों को पांच साल की अवधि वाली एफडी पर अब अधिकतम 7.20 प्रतिशत सालाना ब्याज दिया जाएगा, जो उन्हें बेहतर रिटर्न अर्जित करने का अवसर प्रदान करेगा। सामान्य ग्राहकों के लिए भी कई अवधियों में ब्याज दरें बढ़ाई गई हैं। बैंक ने सबसे ज्यादा बढ़ोतरी छोटी और मध्यम अवधि की एफडी में की है।

61 दिनों से छह महीने तक की जमा पर ब्याज दर को 4.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.75 प्रतिशत कर दिया गया है, जो सीधे 0.50 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। इसी तरह, छह महीने एक दिन से नौ महीने तक की एफडी पर अब 5.65 प्रतिशत और नौ महीने एक दिन से एक साल से कम अवधि वाली एफडी पर 5.90 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, जिससे निवेशकों को इस अवधि में भी बेहतर कमाई का मौका मिलेगा। एक साल से अधिक अवधि की एफडी पर भी नई दरें लागू हुई हैं। एक साल से 15 महीने से कम अवधि वाली जमा पर 6.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। वहीं, 15 महीने से 18 महीने से कम अवधि की एफडी पर ब्याज दर 6.35 प्रतिशत रखी गई है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए, बैंक ने तीन साल एक दिन से पांच साल तक की एफडी पर 7.20 प्रतिशत सालाना ब्याज दर तय की है, जो सामान्य ग्राहकों की तुलना में काफी अधिक है। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई वरिष्ठ नागरिक पांच साल के लिए 10 लाख रुपये की एफडी कराता है, तो उसे 7.20 प्रतिशत की दर से सामान्य ग्राहक के मुकाबले लगभग 41,521 रुपये अधिक ब्याज मिलेगा।



लाभांश की बहार: अगले हफ्ते 67 कंपनियों के शेयर देंगे लाभांश, 9 से 13 नवंबर के बीच निवेशकों को कमाई का मौका



नई दिल्ली। अगले हफ्ते शेयर बाजार में निवेशकों के लिए कमाई का एक शानदार अवसर बन रहा है। 9 से 13 नवंबर के बीच कुल 67 कंपनियां अपने शेयरों को पूर्व-लाभांश करने जा रही हैं। इनमें हिंदुस्तान यूनिलीवर, डाबर इंडिया, ओएनजीसी और आरोबिंदो फार्मा जैसी कई दिग्गज कंपनियां शामिल हैं, जो निवेशकों को आकर्षक लाभांश का तोहफा देंगी। इस लाभांश बहार में बायर क्रापसाइंस सबसे ज्यादा 90 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश देने वाली है। सप्ताह की शुरुआत 9 नवंबर को डाबर इंडिया (3.50 रुपए) सहित कुछ कंपनियों के शेयरों के पूर्व-लाभांश होने के साथ होगी। इसके बाद, 11 नवंबर को आरोबिंदो फार्मा (7रुपए) और डा. लाल पैथलैब्स (5 रुपए) समेत कुल 19 कंपनियां सूची में शामिल होंगी। 12 नवंबर को हिंदुस्तान यूनिलीवर, बायर क्रापसाइंस, गाडफ्रे फिलिप्स इंडिया और तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम के शेयर भी पूर्व-लाभांश हो जाएंगे। वहीं 13 नवंबर को ग्रेट ईस्टर्न शिपिंगसमेत सबसे अधिक कंपनियां लाभांश बांटेंगी। जानकारों के अनुसार, लाभांश का लाभ उठाने के लिए निवेशकों को पूर्व-लाभांश तिथि से कम से कम एक कारोबारी दिन पहले शेयर खरीदना चाहिए, क्योंकि पूर्व-लाभांश तिथि पर खरीदारी करने वाले निवेशक लाभांश के हकदार नहीं होते हैं। विशेषज्ञ यह भी सलाह देते हैं कि केवल लाभांश के लिए निवेश करने के बजाय, कंपनी की आर्थिक स्थिति, शेयर का मूल्यांकन और भविष्य की विकास संभावनाओं का भी आकलन करना महत्वपूर्ण है। ऐसा इसलिए, क्योंकि पूर्व-लाभांश तिथि पर शेयर की कीमत में लाभांश के बराबर समायोजन होता है, जिससे निश्चित मुनाफे की गारंटी नहीं होती।

नेटफ्लिक्स ने इस साल करीब 1,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला



नई दिल्ली

मनोरंजन उद्योग में छंटनी का दौर, स्ट्रीमिंग के वादे से उलट हकीकत

एंटरटेनमेंट कंपनियों का लागत कम करने, टीमों का विलय करने पर जोर

कुछ साल पहले तक स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म्स का तेजी से बढ़ता कारोबार मनोरंजन उद्योग में हजारों नई नौकरियों के अवसर लेकर आया था। नेटफ्लिक्स, डिज़्नी+ और अमेज़न प्राइम वीडियो जैसी कंपनियां नए शो और फिल्मों के निर्माण में जुटी थीं, जिससे कंटेंट, मार्केटिंग, टेक्नोलाजी और प्रोडक्शन जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर भर्ती हो रही थी, लेकिन अब यह तस्वीर बदल रही है। दुनिया की प्रमुख एंटरटेनमेंट कंपनियां लागत कम करने, टीमों का विलय करने और कामकाज के तरीकों को बदलने पर जोर दे रही हैं, जिसका सीधा असर कर्मचारियों की नौकरियों पर पड़ रहा है। इसकी शुरुआत डिज़्नी जैसे बड़े नाम से हो रही है, जो एक बार फिर बड़े स्तर पर कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी कर रहा है। हालिया रिपोर्टों के मुताबिक कंपनी हजारों नौकरियों में कटौती पर विचार कर रही है और अपने प्रबंधकों से सालाना परिचालन खर्च में 20 फीसदी तक की बचत के तरीके तलाशने को कहा गया है। यह बचत कर्मचारियों की संख्या घटाकर और अन्य खर्चों में कटौती करके हासिल की जाएगी। इससे पहले भी, अप्रैल में डिज़्नी ने करीब 1,000 पदों पर कटौती की योजना बनाई थी, जिसका असर मुख्य रूप से मार्केटिंग डिविजन पर पड़ने की आशंका थी। सितंबर में भी ह्यूमन रिसोर्स और टेक्नोलाजी टीमों के कुछ सौ कर्मचारियों की नौकरी जाने की खबरें थीं। डिज़्नी का यह बदलाव केवल स्ट्रीमिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि कंपनी के टेलीविजन चैनल, थीम पार्क और फिल्म स्टूडियो जैसे व्यवसाय भी इस दबाव का सामना कर रहे हैं।

स्ट्रीमिंग कारोबार की एक और दिग्गज कंपनी नेटफ्लिक्स भी इस छंटनी के दौर से अछूती नहीं रही। हाल के वर्षों में कंपनी ने लगभग 1,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है, जो उसकी कुल वर्कफोर्स का लगभग 6 फीसदी था। इस छंटनी से प्रोडक्ट, टेक्नोलाजी, लीगल और ह्यूमन रिसोर्स जैसी टीमें प्रभावित हुईं। नेटफ्लिक्स अब केवल सब्सक्रिप्शन से होने वाली कमाई पर निर्भर नहीं रहना चाहती। कंपनी विज्ञापन, लाइव प्रोग्रामिंग और गेमिंग जैसे क्षेत्रों में भी निवेश कर रही है ताकि कमाई के नए रास्ते खुल सकें। इसके साथ ही, कंपनी एआई से जुड़ी फिल्ममेकिंग टेक्नोलाजी में भी पैसा लगा रही है।

कर्नाटक में पेट्रोल में 31% तक इथेनॉल मिलाने का दावा



नई दिल्ली। कर्नाटक में पेट्रोल में ज्यादा इथेनाल मिलने के दावे पर तीन सरकारी तेल कंपनियों ने सवाल उठाए हैं। इंडियन आयल (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) ने कहा कि राज्य सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग का यह दावा तय जांच प्रक्रिया के आधार पर साबित नहीं हुआ है। विभाग ने कहा था कि राज्य के कुछ पेट्रोल पंपों पर बिकने वाले पेट्रोल में 26 से 31 प्रतिशत तक इथेनाल मिला है। तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया कि कर्नाटक समेत पूरे देश में उनकी ओर से सप्लाई किया जा रहा ई20 पेट्रोल भारतीय मानक ब्यूरो के तय मानक ब्लू- 17021 के अनुरूप है। तीनों कंपनियों का कहना है कि अक्तूबर 2026 में पेट्रोल के नमूने लेने और उनकी जांच करने में तय नियमों का पालन नहीं किया गया। नियमों के मुताबिक, जांच के लिए छह एक-एक लीटर के नमूने लेने होते हैं। इनमें दो नमूने पेट्रोल पंप संचालक को, दो तेल कंपनी या विभाग को और दो निर्धारित प्रयोगशाला को दिए जाते हैं। नमूनों पर संबंधित पक्षों के हस्ताक्षर और जांच रिपोर्ट साझा करना भी जरूरी है। कंपनियों के मुताबिक, सितंबर में यह प्रक्रिया अपनाई गई थी, लेकिन अक्तूबर में तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी के बिना नमूने लिए गए।

क्रेटा को तीसरी पीढ़ी के नए अवतार में पेश करने की तैयारी

नई दिल्ली

अपनी लोकप्रिय एसयूवी क्रेटा को हुंडई कंपनी तीसरी पीढ़ी के नए अवतार में पेश करने की तैयारी कर रही है। इसे 2027 के मध्य तक भारतीय बाजार में लान्च किया जा सकता है। 2027 हुंडई क्रेटा को हाल ही में हिमाचल प्रदेश के मनाली में परीक्षण के दौरान देखा गया है। इसमें नया प्लेटफार्म, बदला हुआ केबिन और आधुनिक तकनीक मिलने की उम्मीद है। परीक्षण के दौरान सामने आई तस्वीरों के अनुसार, 2027 क्रेटा में नए डिजाइन के अलाय व्हील, चौकोर आकार की नई ग्रिल जिसमें आयताकार डिजाइन वाले हिस्से होंगे और एडीएएस से जुड़ा रडार सेंसर दिखाई दिया है।



आगे की तरफ दो हिस्सों में बंटी लाइटिंग व्यवस्था मिलेगी, जिसमें ऊपर एलईडी डे-टाइम रनिंग लाइट और नीचे मुख्य हेडलाइट शामिल हैं। पीछे की तरफ तीन हिस्सों में बंटी एलईडी टेललाइट और आगे-पीछे पार्किंग सेंसर भी होंगे। इसके बाहरी शीशों में कैमरा लगा दिखाई देता है, जो 360-डिग्री सराउंड-व्यू कैमरा सिस्टम का हिस्सा हो सकता है। फ्लश-टाइप दरवाजों के हैंडल वाहन को आधुनिक लुक देंगे। केबिन में एक बड़ा इंफोटेनमेंट टचस्क्रीन और पतली डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले मिलने की संभावना है, जिससे इंटीरियर अधिक प्रीमियम और सरल दिखेगा।

2027 हुंडई क्रेटा की सबसे बड़ी खासियत इसका संभावित मजबूत हाइब्रिड इंजन होगा, जिसे किआ सेल्टोस के साथ साझा किया जा सकता है। यह नया हाइब्रिड इंजन मौजूदा 1.5 लीटर चार सिलेंडर पेट्रोल इंजन पर आधारित होगा। इसके अलावा, मौजूदा 1.5 लीटर सामान्य पेट्रोल, 1.5 लीटर टर्बो पेट्रोल और 1.5 लीटर डीजल इंजन विकल्प भी जारी रहने की उम्मीद है। तीसरी पीढ़ी की क्रेटा को हुंडई के नए 'च3' प्लेटफार्म पर तैयार किया जाएगा, जिससे यह मौजूदा माडल से आकार में बड़ी हो सकती है।

अगले हफ्ते विदेशी निवेश, कच्चे तेल और महंगाई पर रहेगी निवेशकों की नजर

नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में संवत 2082 के आखिरी कारोबारी हफ्ते में जोरदार तेजी देखने को मिली, जहां निफ्टी करीब 8.6 फीसदी चढ़कर 25,030.35 के नए रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स में करीब 8.8 फीसदी और बैंक निफ्टी में करीब 8 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। विदेशी निवेशकों की जबरदस्त खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने प्रमुख सूचकांकों को लगातार सातवें सत्र में मजबूती प्रदान की।

बीते हफ्ते भारतीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की

विदेशी निवेशकों की बंपर खरीदारी और ब्रेंट क्रूड में भारी गिरावट से बाजार में ऐतिहासिक तेजी

धमाकेदार वापसी हुई, जिन्होंने कुल 45,960 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की। यह दस हफ्तों की लगातार बिकवाली के बाद आया एक बड़ा बदलाव है, जो निवेशकों के बदलते रुख का संकेत देता है। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने इस दौरान 24,197 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। बाजार की इस तेजी को कच्चे तेल की कीमतों में आई बड़ी गिरावट से भी सहारा मिला।

ब्रेंट क्रूड 12 फीसदी से ज्यादा गिरकर 97-98 डालर प्रति बैरल पर आ गया, जिसका मुख्य कारण अमेरिका में सकारात्मक संकेतों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदें



रहीं। कच्चे तेल की यह गिरावट भारत के लिए राहत की बात है, जिससे महंगाई और कंपनियों की लागत पर दबाव कम हो सकता है। तकनीकी रूप से बाजार मजबूत स्थिति में है, निफ्टी अपने सभी महत्वपूर्ण एक्सपोनेंशियल मूविंग एवरेज से ऊपर कारोबार कर रहा है।

हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले हफ्ते की तेज बढ़त के बाद बाजार में कुछ समय के लिए उतार-चढ़ाव या मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। अब अगले हफ्ते निवेशकों की नजर कई अहम कारकों पर रहेगी। 12 नवंबर को जारी होने वाले अक्टूबर के खुदरा महंगाई के आंकड़े बाजार की अगली चाल तय करेंगे। इसके अलावा, विदेशी निवेशकों का रुख, कच्चे तेल की कीमतें, अमेरिका के महंगाई आंकड़े और चीन के व्यापार व महंगाई से जुड़े आंकड़े भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। कंपनियों के सितंबर तिमाही के नतीजों पर भी निवेशकों की पैनी नजर बनी रहेगी।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS,
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS,
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar,
Hyderabad - 500 037
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 08 नवंबर , 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

गुणों से भी धनी बनें : मुनि दीप कुमार

धनतेरस पर स्वास्थ्य, संतोष, ज्ञान, प्रेम और धर्म की संपदा अपनाने का दिया संदेश

हैदराबाद, 07 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

सिकंदराबाद के डी.वी. कॉलोनी स्थित तेरापंथ भवन में युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनिश्री दीप कुमारजी ठाणा-2 के सान्निध्य में धनतेरस के अवसर पर आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

तेरापंथी सभा, सिकंदराबाद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुनिश्री ने धनतेरस पर बनें धनी विषय पर विशेष प्रवचन दिया तथा मंत्र जाप के प्रयोग करवाए। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की अच्छी उपस्थिति रही। सामूहिक मंत्र जाप से पूरा सभागार पवित्र ध्वनियों से गूंज उठा।

राजेन्द्र बोथरा द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, मुनिश्री दीप कुमारजी ने कहा कि जैन धर्म की मान्यता के अनुसार तीर्थंकर भगवान महावीर ने आज ही के दिन तेरस की रात्रि में अनशन ग्रहण किया था। इसलिए जैन परंपरा में इसे ध्यान तेरस और धन्य तेरस भी





कहा जाता है। लौकिक जगत में यह पर्व धनतेरस के रूप में मनाया जाता है, लेकिन भौतिक धन के साथ गुणों की संपदा से समृद्ध होना भी आवश्यक है।

मुनिश्री ने रोचक प्रश्न करते हुए पूछा कि कितने लोग करोड़पति और अरबपति बनना चाहते हैं? इसके साथ ही उन्होंने चिंतन कराया कि यदि किसी व्यक्ति के पास करोड़ों की संपत्ति हो, लेकिन स्वास्थ्य, सुख-शांति और परिवार का प्रेम न हो, तो ऐसी संपत्ति का क्या मूल्य है? उन्होंने कहा कि वास्तविक धनवान वही है, जिसके जीवन में स्वास्थ्य, संतोष, ज्ञान, प्रेम और धर्म की संपदा हो।

उन्होंने कहा कि धनतेरस केवल सोने-चांदी और भौतिक वस्तुओं की खरीदारी का पर्व नहीं है, बल्कि आरोग्य और स्वस्थ जीवन के महत्व को समझने का अवसर भी है। स्वास्थ्य ही जीवन की अनमोल संपत्ति है।

मुनिश्री ने जीवन के पांच महत्वपूर्ण धनों की व्याख्या करते हुए बताया कि स्वास्थ्य धन से जीवन में सक्रियता आती है, संतोष धन से मन में शांति बनी रहती है, ज्ञान धन सही दिशा प्रदान करता है, संबंध धन परिवार को प्रेम और विश्वास से जोड़ता है तथा धर्म धन व्यक्ति को संयम, सदाचार और आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ाता है।

अंत में मुनिश्री ने प्रेरणा देते हुए कहा कि धनतेरस पर केवल धनवान ही नहीं, गुणवान भी बनें।

केवल करोड़पति बनने की इच्छा न रखें, बल्कि चरित्रवान बनने का संकल्प लें। यही इस पर्व का वास्तविक आध्यात्मिक संदेश है।








दीपावली के पावन अवसर पर गोशामहल विधायक टी. राजा सिंह ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ चारमीनार स्थित श्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा माता भाग्यलक्ष्मी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

जगन्नाथ द्वारा खाकी अखाड़ा में अन्नकूट 10 को

महंत अमृत दास खाकी के सान्निध्य में होगा गोवर्धन पूजा एवं महाआरती का आयोजन



हैदराबाद, 07 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। बेगम बाजार स्थित जगन्नाथ द्वारा खाकी अखाड़ा मठ, शंकर बाजार में मठ पीठाधीश्वर ब्रह्मर्षि बाल योगी महंत अमृत दास खाकीजी के सान्निध्य में 10 नवंबर, मंगलवार को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यक्रम के अंतर्गत शाम 7:31 बजे गोवर्धन पूजा होगी। इसके पश्चात भगवान श्री जगन्नाथजी, बलभद्रजी एवं बहन सुभद्राजी का भव्य शृंगार दर्शन होगा। शाम 8 बजे महाआरती आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक आयोजन में भाग लेने तथा पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। यह जानकारी सुनील कुमार पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।



पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने दीपावली के अवसर पर चारमीनार स्थित श्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर श्री दत्तात्रेय के निजी सचिव कैलाश नागेश, मंदिर ट्रस्टी सुश्री शशिकला एवं अन्य उपस्थित रहे।

लोध समाज के आत्म गौरव भवन के निर्माण के लिए 1 करोड़ मंजूर

राशि बढ़ाने पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के प्रति जताया आभार



हैदराबाद, 07 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। तेलंगाना सरकार द्वारा लोध समाज के आत्म गौरव भवन के निर्माण के लिए पूर्व में प्रस्तावित 50 लाख रुपये की राशि बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जाने पर तेलंगाना लोध, लोधा, लोधी वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

एसोसिएशन ने इस महत्वपूर्ण निर्णय में सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए तेलंगाना सरकार के बीसी वेलफेयर एवं डेवलपमेंट सलाहकार वी. हनुमंत राव, बीसी कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर तथा तेलंगाना फिशरीज कॉरपोरेशन के चेयरमैन मिट्टू साईं का विशेष धन्यवाद किया। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि आत्म गौरव भवन के निर्माण के लिए स्वीकृत यह राशि लोध समाज के विकास, सामाजिक एकता और उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। समाज की मांग को स्वीकार करते हुए आर्थिक सहायता बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री एवं तेलंगाना सरकार के प्रति समाज हृदय से कृतज्ञ है।इस अवसर पर तेलंगाना लोध, लोधा, लोधी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी (कॉन्टेस्ट एमएलए) रामराज सिंह लोध, उपाध्यक्ष शिवकुमार सिंह, सह-कोषाध्यक्ष प्रवीण सिंह, महावीर सिंह लोध, संतोष सिंह सूबेदार, कुशाल सिंह लोध सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

निस्वार्थ सेवा और प्रेम से ही बनता है परिवार का सच्चा रिश्ता : राम प्रकाश अग्रवाल

हैदराबाद। सेवा केवल किसी जरूरतमंद को भोजन कराने या उसकी सहायता करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह प्रेम, करुणा, संवेदना और मानवीय मूल्यों को जीवन में उतारने का एक पवित्र मार्ग है। जहां सेवा के साथ प्रेम और अपनत्व जुड़ जाता है, वहां एक साधारण प्रयास भी समाज के लिए प्रेरणा बन जाता है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए हैदराबाद राधे-राधे ग्रुप के तत्वावधान में नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन के पिलर नंबर 1265 के पास शनिवार को नियमित अन्नसेवा कार्यक्रम श्रद्धा, आत्मीयता और सेवा भाव के साथ आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के संयोजक राम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि सेवा का वास्तविक अर्थ निस्वार्थ भाव और प्रेम है।

जब मनुष्य किसी दूसरे व्यक्ति की सहायता बिना किसी अपेक्षा, स्वार्थ अथवा प्रसिद्धि की भावना के करता है, तभी वह सच्ची सेवा कहलाती है। सेवा का संबंध केवल हाथों से किए जाने वाले कार्यों से नहीं, बल्कि हृदय में बसे उस भाव से है, जो दूसरों के सुख-दुख को अपना समझने की प्रेरणा देता है। किसी



जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाना, किसी भूखे को भोजन कराना और किसी असहाय को सहारा देना ही मानवता का सबसे सुंदर स्वरूप है।

उन्होंने कहा कि राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद केवल एक सामाजिक संगठन नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, आत्मीयता और पारिवारिक संस्कारों से जुड़ा एक ऐसा परिवार है, जिसमें अनेक सदस्य अंतरात्मा से एक-दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं। इस परिवार की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता और सामर्थ्य के अनुसार सेवा कार्यों में योगदान देता है। किसी के लिए समय देना, किसी के लिए श्रम करना तो किसी के माध्यम से सहयोग पहुंचाना भी सेवा का ही एक रूप है। जब अनेक लोगों की भावनाएं एक उद्देश्य के लिए एकत्रित होती हैं, तब सेवा का यह छोटा-सा प्रयास भी एक बड़े सामाजिक अभियान का स्वरूप ले लेता है।

कार्यक्रम में सतीश कुमार गुप्ता, राम प्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, भगत राम गोयल, महेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, प्रीतिका अग्रवाल, सुरेश सिंघल, सोहनलाल दायमा, अनिता नथानी, सुची गुप्ता, संजय गोयल, किरण गोयल सहित राधे-राधे ग्रुप के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर अन्नसेवा में सहभागिता निभाई और सेवा, समर्पण तथा सहयोग की भावना को आगे बढ़ाया।

राधे-राधे ग्रुप का यह नियमित सेवा अभियान इस बात का संदेश दे रहा है कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए बड़े संसाधनों से अधिक बड़े हृदय और सच्ची भावना की आवश्यकता होती है। जब व्यक्ति अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर दूसरों के लिए कुछ करने का संकल्प लेता है, तभी समाज में प्रेम, सद्भाव और मानवता मजबूत होती है।

निस्वार्थ सेवा, आपसी प्रेम और पारिवारिक एकता की इसी भावना के साथ राधे-राधे परिवार निरंतर आगे बढ़ते हुए मानव सेवा को ही अपना सबसे बड़ा धर्म मानकर कार्य कर रहा है।

स्वामिनारायण मंदिर में महा अन्नकूट उत्सव 10 को

हैदराबाद, 07 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। सिकंदराबाद के रसूलपुरा स्थित बी.ए.पी.एस. श्री स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर में 10 नवंबर 2026 को भव्य महा अन्नकूट उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जैन रत्न रमेश पी. तातेड (सिरोही), मार्गदर्शिनी कॉलोनी के मार्गदर्शक के अनुसार, इस उत्सव में शामिल



होने के लिए मलकाजगिरी लोकसभा क्षेत्र के सांसद एटाला राजेंद्र को पूज्य साधु आत्मचिंतनदासजी, संत मंडल एवं हैदराबाद सत्संग मंडल की ओर से आमंत्रित किया गया। मार्गदर्शिनी कॉलोनी के अध्यक्ष अविनाश भंडारी एवं भद्रेश पटेल ने सांसद को अन्नकूट उत्सव में पधारने का निमंत्रण दिया।

इसके साथ ही मार्गदर्शिनी एवं लक्ष्मी गुटी कॉलोनी के सभी सदस्यों को भी उत्सव में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया।आयोजकों के अनुसार, 10 नवंबर को सुबह 11 बजे से अन्नकूट दर्शन, गोवर्धन पूजा एवं थाल गान का आयोजन होगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे से 2:30 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

रेस्ट हाउस कांड!

कांग्रेस MLA के कमरे में फुलझड़ी

भोपाल, 07 नवंबर (एजेंसियां)।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित विधायक विश्राम गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। महिदपुर से कांग्रेस विधायक दिनेश जैन बोस ने आरोप लगाया है कि उनकी गैरमौजूदगी में उनके नाम से आवंटित कमरे में एक युवक और युवती आपत्तिजनक हालत में मौजूद थे। विधायक के अचानक पहुंचने पर दोनों वहां से भाग निकले। घटना के बाद विधायक ने विधानसभा सचिवालय में शिकायत दर्ज कराते हुए जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामला विधायक विश्राम गृह के ब्लॉक-3 का है। विधायक दिनेश जैन बोस के अनुसार, 2 नवंबर को दिल्ली से लौटने के बाद वह दोपहर करीब 2 बजे विश्राम गृह पहुंचे थे। उन्हें कमरा नंबर 14 और 15 आवंटित हैं। वहां पहुंचने पर उन्होंने केयरटेकर से कमरा नंबर 15 की चाबी मांगी, लेकिन चाबी उपलब्ध नहीं थी। इसके बाद उन्हें कमरा नंबर 14 की चाबी दी गई।



अचानक पहुंचने पर सामने आया मामला

विधायक का आरोप है कि जब वह कमरे नंबर 14 पहुंचे तो बगल के कमरे नंबर 15 में एक युवक और युवती आपत्तिजनक हालत में मौजूद थे। उन्हें देखते ही दोनों वहां से निकलकर भाग गए। अपने नाम से आवंटित कमरे में इस तरह अनजान लोगों की मौजूदगी देखकर विधायक हैरान रह गए।

रिसेप्शन पर चाबी रखे जाने का आरोप

दिनेश जैन बोस का कहना है कि उनके कमरे की चाबी रिसेप्शन काउंटर पर रखी जाती है। उनकी या उनके निजी सहायक (पीए) की जानकारी और अनुमति के बिना केयरटेकर ने कमरे की चाबी उपलब्ध कराई। विधायक ने सवाल उठाया कि जब कमरा उनके नाम पर आवंटित था तो उनकी अनुमति के बिना उसमें किसी दूसरे व्यक्ति को प्रवेश कैसे दिया गया?

घटना के बाद विधायक ने केयरटेकर और रिसेप्शन पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पूरे घटनाक्रम को गंभीर बताते हुए कहा कि विधायक विश्राम गृह में आवंटित कमरों की सुरक्षा और उनके इस्तेमाल को लेकर जवाबदेही तय होनी चाहिए।विधायक ने मामले की जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है। शिकायत मिलने के बाद विधानसभा सचिवालय ने मामले को जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के पास भेज दिया है।

विधानसभा के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) महावीर सिंह ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि विधायक विश्राम गृह के ब्लॉक-3 में यह मामला सामने आया है। विधायक की ओर से विधानसभा के प्रमुख सचिव को पत्र दिया गया है और फिलहाल लोक निर्माण विभाग मामले की जांच कर रहा है।

जय जवान जय मोदी

नई दिल्ली, 07 नवंबर (एजेंसियां)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को दिवाली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर वीडियो संदेश साझा करते हुए कहा कि दिवाली के पावन पर्व पर पूरा देश रोशनी से जगमगा रहा है।

प्रकाश का यह पर्व अंधकार के खिलाफ हमारे संकल्प का परिचय देता है। उन्होंने सभी देशवासियों को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

शनिवार को साझा किए गए वीडियो में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के जवानों के बीच जाना उनका नित्य क्रम है और इस बार भी यह परंपरा जारी रहेगी।



सुख, शांति और समृद्धि की कामना

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह पर्व और आने वाला समय सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने कहा कि वह भी देशवासियों की तरह बड़े उत्साह के साथ दिवाली मनाते हैं। उन्होंने दोहराया कि हर साल देश के जवानों के बीच जाना उनका नियमित क्रम रहा है और इस बार भी वह सैनिकों के साथ दिवाली मनाएंगे।

सूर्यकुमार यादव के साथ साझा किया था वीडियो

इससे पहले 6 नवंबर को भी प्रधानमंत्री मोदी ने एक वीडियो साझा किया था, जिसमें भारतीय टी-20 टीम के पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव भी नजर आए थे।

वीडियो में एक बच्ची अपनी सुरीली आवाज में भगवान गणेश की स्तुति करती दिखाई दी। बच्ची कन्नड़ भाषा में भक्ति गीत सुना रही थी। उसकी प्रस्तुति में भगवान गणपति के विभिन्न स्वरूपों और उनकी महिमा का वर्णन था।

प्रधानमंत्री ने वीडियो साझा करते हुए लिखा था कि दिवाली के माहौल में राम और सरयू का आगमन हुआ है, जिससे त्योहार का वातावरण और भी पावन एवं दिव्य हो गया है। उन्होंने अपनी पोस्ट में सूर्यकुमार यादव के खाते को भी टैग किया था।

वीडियो में बच्ची कन्नड़ भाषा में भगवान गणेश का आह्वान करती सुनाई दी। उसके गीत में 'विघ्ननाशक विनायक' और 'विवेकदायक' जैसे शब्द विशेष रूप से सुनाई दिए। इनका अर्थ है बाधाओं को दूर करने वाले और बुद्धि-विवेक प्रदान करने वाले भगवान गणेश।

पीड़ितों को मिले न्याय : अंबर किशोर झा



पेद्दापल्ली, 07 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

पीड़ित अपनी समस्याओं के कारण पहले ही मानसिक तनाव और चिंता से गुजर रहे होते हैं। ऐसे में पुलिस अधिकारियों को उन्हें और परेशान किए बिना पूरी संवेदनशीलता और सम्मान के साथ पेश आना चाहिए। साथ ही, लोगों के मन में पुलिस व्यवस्था के प्रति भरोसा और विश्वास कायम करना आवश्यक है। यह बात रामागुंडम पुलिस कमिश्नर अंबर किशोर झा ने कही।

शनिवार को पुलिस कमिश्नर ने सीपी कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में कोर्ट ड्यूटी एवं कोर्ट सुनवाई से जुड़े पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मामलों में आरोपियों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी जांच की जानी चाहिए तथा अदालत में ठोस और मजबूत साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने चाहिए। संबंधित अधिकारियों को अदालत में मामलों की प्रभावी पैरवी के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि अदालत के समन समय पर तामील किए जाएं और उनका विवरण सीसीटीएनएस में दर्ज किया जाए। इस वर्ष से संबंधित लंबित वारंटों का शीघ्र निपटारा किया जाए। तीन वर्ष या उससे अधिक समय से लंबित वारंटों की तामील के लिए विशेष अभियान चलाया जाए तथा उद्घोषणा आदेशों को सीसीटीएनएस में अपलोड किया जाए। कमिश्नर ने कहा कि जांच अधिकारियों और अभियोजन कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए, ताकि शिकायतकर्ता, पीड़ित और गवाह निर्धारित तारीखों पर अदालत में उपस्थित हो सकें। मामलों में अच्छी जांच, ठोस साक्ष्य जुटाने, गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, समय पर आरोपपत्र दाखिल करने तथा सरकारी वकीलों के साथ समन्वय के माध्यम से दोषसिद्धि की दर बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पुलिस थाने आने वाले प्रत्येक पीड़ित को भरोसा दिलाना पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। पीड़ितों के साथ संवेदनशीलता और सम्मान से पेश आकर उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि न्याय व्यवस्था के प्रति उनका विश्वास और मजबूत हो।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कानूनी प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी न होने पाए। जांच के दौरान आने वाली समस्याओं या बाधाओं की जानकारी संबंधित उपनिरीक्षकों और निरीक्षकों को दी जाए। आवश्यकता पड़ने पर उच्च अधिकारियों के स्तर पर उचित मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

कमिश्नर ने गवाहों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के साथ-साथ प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी मामलों को साबित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से निर्धारित समय में जांच पूरी करनी चाहिए। जांच अधिकारी प्रत्येक चरण में पूरी सावधानी बरतें और किसी भी प्रकार की लापरवाही या गलती न करें।

उन्होंने संबंधित मजिस्ट्रेट के साथ समन्वय बनाए रखते हुए मामलों की स्थिति से अवगत कराने का सुझाव दिया, ताकि अदालत में सुनवाई की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस की मुख्य जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक मामले में पीड़ित को न्याय मिले, गवाह सुरक्षित रहें तथा जांच से लेकर अदालत में सुनवाई तक सभी प्रक्रियाएं समय पर पूरी हों।

उन्होंने याद दिलाया कि संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को अदालत की सुनवाई के दौरान अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के स्पष्ट निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को उचित पहचान और पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने सभी से जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाने की अपील की, ताकि पीड़ितों को न्याय मिले और पुलिस व्यवस्था के प्रति जनता का विश्वास बढ़े।

इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर अंबर किशोर झा ने विभिन्न मामलों में आरोपियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोर्ट ड्यूटी स्टाफ और कोर्ट लायजन अधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (प्रशासन) के. श्रीनिवास, वर्टिकल प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर गौड़, तंदूर सर्किल इंस्पेक्टर देवैया, सीसीआरबी उपनिरीक्षक उपेंद्र, विनीता, सीसी संदीप, कोर्ट ड्यूटी स्टाफ और कोर्ट लायजन अधिकारी उपस्थित थे।

बीग बी बीमार

रोकनी पडी केबीसी शूटिंग

नई दिल्ली, 07 नवंबर (एजेंसियां)।

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की तबीयत खराब होने के कारण उनके रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति-18' की शूटिंग में रुकावट आई है। बताया जा रहा है कि मौसम में बदलाव के कारण उनकी सेहत पर असर पड़ा है। नए एपिसोड की शूटिंग नहीं होने के चलते चैनल फिलहाल पुराने एपिसोड प्रसारित कर रहा है।

मौसमी फ्लू के कारण बिगड़ी तबीयत

सूत्रों के मुताबिक, अमिताभ बच्चन ने करीब दो सप्ताह पहले रणबीर कपूर, साई पल्लवी, रवि दुबे और नितेश तिवारी के साथ रामायण से जुड़ा विशेष एपिसोड शूट किया था। इसके बाद से ही उन्होंने कुछ दिनों का ब्रेक लिया हुआ है। बताया जा रहा है कि दिवाली के बाद अगले सप्ताह वह फिर से शूटिंग शुरू करेंगे। शो के नए एपिसोड 16 नवंबर से प्रसारित होने वाले हैं।

एक सूत्र ने बताया कि चिंता करने जैसी कोई बात नहीं है। मौसम में बदलाव के कारण उन्हें हल्का बुखार या फ्लू हुआ हो सकता है। तबीयत ठीक नहीं होने के चलते टीम ने उन्हें आराम करने और पूरी तरह स्वस्थ होने के लिए समय देने का फैसला किया। सूत्र के अनुसार, अमिताभ बच्चन अब ठीक हैं और



उम्मीद है कि अगले सप्ताहांत तक शूटिंग पर लौट आएंगे। शो के एपिसोड 16 नवंबर से पहले की तरह प्रसारित होंगे।

जलसा की रेकी की खबर से बढ़ी थी चिंता

गौरतलब है कि हाल ही में मुंबई के महापौर को ईमेल के जरिए अमिताभ बच्चन के घर को निशाना बनाने की धमकी मिली थी। अभिनेता टाइगर श्रॉफ के घर पर हुई गोलीबारी की घटना की जांच के दौरान यह भी सामने आया था कि आरोपियों ने अमिताभ बच्चन के घर 'जलसा' की रेकी की थी।हालांकि, सूत्रों का कहना है कि अमिताभ बच्चन के शूटिंग से ब्रेक लेने का सुरक्षा संबंधी चिंताओं से कोई लेना-देना नहीं है।

बुलेटप्रूफ कांच के पीछे से किया अभिवादन

रविवार को जब अमिताभ बच्चन अपने घर के बाहर प्रशंसकों से मिलने पहुंचे तो वह कांच की एक दीवार के पीछे खड़े होकर उनका अभिवादन करते नजर आए। बताया जा रहा है कि यह कांच बुलेटप्रूफ था। इस दौरान उनके बेटे अभिषेक बच्चन भी उनके पास खड़े होकर उनकी सुरक्षा का ध्यान रखते दिखाई दिए। अमिताभ बच्चन ने कांच की दीवार के पीछे से ही अपने प्रशंसकों का अभिवादन किया।

कार्टून कॉर्नर



मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 29^0
न्यूनतम : 16^0

केबीआर पार्क में अन्नसेवा आयोजित

हैदराबाद। राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में इंडो अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के पास स्थित केबीआर पार्क में नियमित अन्नसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रुप की ओर से निरंतर संचालित इस सेवा अभियान के माध्यम से जरूरतमंदों एवं असहाय लोगों को भोजन उपलब्ध करवाकर मानवता, प्रेम और परोपकार का संदेश दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में ग्रुप के सदस्यों ने पूरे सेवाभाव, उत्साह और समर्पण के साथ सहभागिता निभाई। इस अवसर पर सतीश कुमार गुप्ता, सुभाष अग्रवाल, भंवरलाल गुप्ता, मनीष अग्रवाल,



संजय गुप्ता एवं कमल मूंदड़ा सहित राधे-राधे ग्रुप के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

राधे-राधे ग्रुप का उद्देश्य केवल भोजन वितरण करना ही नहीं, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करना भी है। ग्रुप का मानना है कि जरूरतमंद व्यक्ति को सम्मानपूर्वक भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर आराधना है और भूखे को भोजन कराना भगवान की सेवा के समान है।

ग्रुप के सदस्य नियमित रूप से इस सेवा अभियान में अपना समय, श्रम और सहयोग समर्पित कर रहे हैं। यह पहल इस भावना को साकार कर रही है कि समाज में कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। बिना किसी भेदभाव के की जाने वाली यह अन्नसेवा प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश दे रही है। राधे-राधे ग्रुप का संकल्प है कि सेवा का यह क्रम निरंतर जारी रहे और अधिक से अधिक लोगों को मानव सेवा के इस पुनीत कार्य से जोड़ा जा सके।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

इंदिरा का...

सोनिया गांधी ने यह भी स्वीकार किया कि भारतीय जनता पार्टी और उसकी कट्टर हिंदुत्व राजनीति के उभार में उनकी अपनी पार्टी की नाकामियों का भी योगदान रहा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम कई तरीकों से बहुत आत्मसंतुष्ट रहे। हमारा रवैया एक तरह से ढीला-ढाला रहा।

वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के लंबे समय से चले आ रहे वादे को पूरा करते हुए उसी स्थान पर एक विशाल हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया, जहां पहले मस्जिद स्थित थी।

आपातकाल को बताया गलती

आपातकाल के मुद्दे पर अपनी राय रखते हुए सोनिया गांधी ने इसे लागू करने के फैसले को गलती बताया। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि उनकी सास और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी बाद में ऐसा ही महसूस हुआ होगा।

सोनिया गांधी ने अपनी आने वाली पुस्तक 'बिलॉन्गिंग: ए जर्नी ऑफ लव' में लिखा है कि यदि संजय गांधी को नियंत्रण में रखा गया होता तो आपातकाल लागू होने के बाद हुए अधिकांश नुकसान को रोका जा सकता था।

शहर के विकास में सहयोग करें : नूगिला मल्लैया

पेद्दापल्ली, 07 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। पेद्दापल्ली शहर के सर्वांगीण विकास के लिए सभी नागरिकों, व्यापारियों और व्यापारिक संगठनों को सहयोग करना चाहिए। यह बात नगर पालिका अध्यक्ष नूगिला मल्लैया ने कही।नगर पालिका अध्यक्ष नूगिला मल्लैया की अध्यक्षता में शनिवार को नगर पालिका कार्यालय में सामान्य परिषद की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य सरकार के मुख्य सचेतक एवं विधायक चिंताकुंटा विजय रमण राव के नेतृत्व में नगर परिषद के सहयोग से पेद्दापल्ली शहर का हर क्षेत्र में विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में बढ़ती भीड़ के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और यातायात व्यवस्था में भी परेशानी आ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए कामन चौराहे पर पहले



से मौजूद संकरे आर्च को हटाकर नया आर्च बनाया गया है। वहीं, शहर के सबसे महत्वपूर्ण और हमेशा व्यस्त रहने वाले जेंडा चौराहे पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के साथ 150 फुट ऊंचा ध्वज स्तंभ स्थापित किया गया है। इससे नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत होने के साथ ही शहर की सुंदरता और नागरिक गौरव में भी वृद्धि होगी।

उन्होंने बताया कि मुख्य सड़क के विस्तार कार्य के तहत सड़क के बीच में स्थित पत्थर के पेड़ को हटाने के संबंध में मुख्य सड़क के व्यापारियों एवं अन्य गणमान्य लोगों से चर्चा की गई।

मारवाड़ी युवा मंच ने बांटी खुशियां



मंचेरियाल, 07 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में मारवाड़ी युवा मंच की मंचेरियल शाखा की ओर से राष्ट्रीय प्रकल्प 'आनंद सबके लिए' के अंतर्गत जिला परिषद हाई स्कूल, दोनाबंडा में मिठाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विद्यालय पहुंचकर करीब 250 छात्र-छात्राओं और 30 अध्यापकों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं तथा सभी को मिठाइयां वितरित कीं।शनिवार दोपहर मंच के सभी सदस्य स्थानीय श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में एकत्र हुए और वहां से विद्यालय के लिए रवाना हुए। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर दीपोत्सव का उत्साह और विशेष चमक देखने को मिली।इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष भरत लड्ढा ने कहा कि त्योहारों की असली सार्थकता समाज के हर वर्ग के साथ खुशियां बांटने में है। मंच का प्रयास है कि राष्ट्रीय प्रकल्प के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी सौहार्द का प्रसार किया जाए।विद्यालय के प्रधानाध्यापक करुणाकर जी ने मारवाड़ी युवा मंच की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए मंच परिवार के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष भरत लड्ढा, सचिव आनंद झंवर, कोषाध्यक्ष अमित केडिया सहित गोपाल व्यास, डॉ. नागेंद्र उपाध्याय, राजेश व्यास, कमल कांकानी एवं नीलेश काछवाल आदि सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

08 page 11 City_Layout 2 08-Nov-26 3:35 AM Page 1



आशीष व्यास को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) गोलकुंडा जिला प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर उनका अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर बोइनी वेंकटेश यादव, पवन शिंदे, अरुण सिंह, शिवा शंकर एवं प्रद्युम्न उपाध्याय ने उन्हें बधाई देते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

अमेरिकी कांग्रेस में गूंजेगी जैन दर्शन की आवाज

डॉ. अमीश शाह और पिया डांडिया की ऐतिहासिक जीत, जैन समाज में उत्साह

वाशिंगटन, 07 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। अमेरिका के राजनीतिक इतिहास में भारतीय मूल के जैन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। 3 नवंबर 2026 को हुए अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी के डॉ. अमीश शाह और पिया डांडिया ने प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) के लिए जीत हासिल की। डॉ. अमीश शाह अमेरिकी कांग्रेस के लिए निर्वाचित होने वाले पहले जैन-अमेरिकी बने हैं। वहीं, पिया डांडिया के माता-पिता जैन धर्म के अनुयायी हैं। इन दोनों की जीत से अमेरिकी राजनीति में भारतीय मूल के समुदाय की भागीदारी को नई पहचान मिली है।

डॉ. अमीश शाह की ऐतिहासिक जीत

एरिजोना राज्य के प्रथम कांग्रेस निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. अमीश शाह ने रिपब्लिकन उम्मीदवार जे फेली को पराजित किया। पेशे से चिकित्सक डॉ. शाह इससे पहले एरिजोना राज्य विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2018, 2020 और 2022 में विधानसभा चुनाव जीते थे। वे स्वयं को जैन जीवनशैली का अनुयायी और आजीवन शाकाहारी बताते हैं। उनके पिता जैन और माता हिंदू हैं।

राज्य विधानसभा में रहते हुए उन्होंने पशु कल्याण के लिए कई विधायी प्रयास किए। इनमें बिल्लियों के पंजों के नाखून शल्य चिकित्सा से हटाने पर प्रतिबंध तथा पिल्लों के अनैतिक प्रजनन केंद्रों पर रोक लगाने संबंधी विधेयक शामिल हैं। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी काम किया है।

पिया डांडिया की जीत से जयपुर का गौरव बढ़ा

फ्लोरिडा राज्य के 22वें कांग्रेस निर्वाचन क्षेत्र से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार पिया डांडिया ने रिपब्लिकन प्रत्याशी केसी अस्कर को हराकर जीत दर्ज की। वे पूर्व शिक्षिका और हाईस्कूल की प्राचार्य रह चुकी हैं। उन्होंने शिक्षा एवं सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में भी कार्य किया है। पिया का जन्म और पालन-पोषण अमेरिका के फ्लोरिडा में हुआ, जबकि उनके माता-पिता जयपुर से अमेरिका जाकर बसे थे। उनके माता-पिता जैन धर्म के अनुयायी हैं। उनकी जीत से भारतीय मूल के लोगों में विशेष उत्साह है।





जैन संगठनों ने किया स्वागत

उत्तर अमेरिका के जैन संगठनों की महासंघीय संस्था फेडरेशन ऑफ जैन एसोसिएशंस इन नॉर्थ अमेरिका (जेएआईएनए) के कार्यकारी निदेशक मनीष मेहता ने इस उपलब्धि का स्वागत करते हुए कहा कि अमीश और पिया के माध्यम से अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांतवाद जैसे जैन धर्म के शाश्वत सिद्धांतों को अमेरिकी राजनीति में आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

अरिहंत इंस्टीट्यूट के अनुसार अमेरिका में जैन धर्म के अनुयायियों की संख्या लगभग 1.5 लाख होने का अनुमान है। जनसंख्या की दृष्टि से यह समुदाय छोटा है, लेकिन शिक्षा, चिकित्सा, तकनीक, उद्योग और सामाजिक सेवा के क्षेत्रों में इसका उल्लेखनीय योगदान रहा है।

जैन धर्म के तीन प्रमुख सिद्धांत अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांतवाद मानवता, सहिष्णुता तथा परस्पर सम्मान का संदेश देते हैं। डॉ. अमीश शाह की जीत के साथ पहली बार जैन धर्म से जुड़ा व्यक्ति अमेरिकी कांग्रेस में पहुंचेगा। वहीं, पिया डांडिया की पारिवारिक जैन पृष्ठभूमि भी इस उपलब्धि को विशेष महत्व देती है।

यह सफलता केवल चुनावी जीत तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय मूल के लोगों की बढ़ती राजनीतिक भागीदारी और सामाजिक योगदान का भी प्रतीक है। इससे जैन समाज की नई पीढ़ी को शिक्षा, सामाजिक सेवा और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरणा मिलेगी।

आज अमावस्या
गौदर्शन, गोसेवा एवं गोदान का विशेष महत्व
गौवंश को कत्लखाने जाने से छुडाकर आश्रय प्रदान किया जाता है
इसलीबन गौ सेवा सदन (गौशाला) में बीमार, वृद्ध, विकलांग तथा दुर्घटनाग्रस्त गौवंश को आश्रय दिया जाता है
हमारा उद्देश्य मात्र गौ रक्षा एवं गौ सेवा
भाग्यनगर गौ सेवा सदन (गौशाला)
Regd. No.5927/96
लोवर टैंक बण्ड, सिकन्दराबाद ✆ 65575872
अमावस पर सभी परिवार सहित गौसेवा हेतु गौशाला पधारे।
गौशाला प्रांगण में गणेशजी, महालक्ष्मीजी के मंदिर में दर्शन लाभ प्राप्त करें।
Account Name : Bhagyanagar Gau Sewa Sadan (Imliban)
A/c No. : 98380200002253 Bank of Baroda, Abids Branch, Hyderabad
IFSC Code : BARBOEXTCHT (After B it's Zero (0) in IFSC Code)
इमलीबन गौ सेवा सदन
महात्मा गाँधी बस स्टेशन, इमलीबन, हैदराबाद
भाग्यनगर गौ सेवा सदन, लोवर टैंक बण्ड में पिछले 14 वर्षों से लगातार प्रतिदिन अन्नदान सेवा की जा रही है।

HAPPY
Diwali
May your life be filled with joy, prosperity and light
CASA PARADISO, LODHA - SANATH NAGAR
SAPNA GUPTA
For Managing Committee Member
CPOWA ELECTIONS 2026
Polling: 15 November, 7 AM to 3 PM
Transparent Accounts
Safety First
Clean and Green Society
Every Resident's Voice Heard
Vote for Sapna Gupta and make her victorious
9347014699

ईका मोबिलिटी के दूसरे शोरूम का शुभारंभ

निंबोलीअड्डा में खुला शोरूम, तेलंगाना में इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों की पूरी रेंज उपलब्ध



हैदराबाद (शुभ लाभ ब्यूरो)। भारत में इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों (ईवीसीवी) की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध कराने वाली कंपनी ईका मोबिलिटी के दूसरे शोरूम का काचीगुड़ा के निंबोलीअड्डा में शुभारंभ किया गया। एसकेईडी राइड प्राइवेट लिमिटेड को पूरे तेलंगाना के लिए कंपनी का अधिकृत डीलर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर ईका मोबिलिटी के कार्यकारी निदेशक मनोज कोठारी एवं राजेंद्र कोठारी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो), हैदराबाद के चेयरमैन श्री बी.एल. भंडारी और महामंत्री राहुल जी सुराणा उपस्थित रहे।

इसके अलावा श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन संघ, ग्रेटर हैदराबाद, काचीगुड़ा के संघपति श्री स्वरूप चंद कोठारी, अध्यक्ष अन्नाज बाफना, महामंत्री पवन कटारिया, चातुर्मास प्रधान संयोजक अशोक तातेड़, प्रकाश समदरिया, निर्मला बाई समदरिया, सज्जन गांधी, विमल मुथा तथा अभिनंदन मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रोहित कोठारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर विभिन्न ऑटो यूनियनों के अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
गावो विश्वस्थ मातर ।। जय श्री कृष्ण ।। जय गो माता
श्री गोपाल गौशाला
संत विनोबानगर, रामदास पल्ली के पास, सागर रोड, इब्राहिमपटनम
आज रविवार, 8-11-2026 एवं कल सोमवार, 9-11-2026 अमावस्या है।
अन्नकुट गोपाष्टमी 17-11-2026 दोपहर 1 से 5 बजे तक
अमावस्या के उपलक्ष्य में सभी गौ प्रेमियों से विनम्र अनुरोध है कि गौसेवा कर पुण्य के भागी बने और हमें सहयोग राशी इन बैंक खाते में जमा करा सकते है।
एक गौमाता की पूर्ण मासिक सेवा ₹3100
संपूर्ण गौशाला की एक दिन की सेवा ₹21,000
अन्य सेवा : एक कट्टा घास् का प्रति दिन एक माह तक 500/-
गूड – दलिया या चुन्निभूसा एक दिन की सेवा 3100/-
एक DCM गाडी घाँस या एक समय की संपूर्ण गोवंश की भोजन व्यवस्था 11,000/-
शुद्ध गाय का घी गौशाला में ही निर्मित हमारे गौशाला में रहने वाली गौ माताओं के दुध से निर्मित शुद्ध और सात्विक गाय का घी उपलब्ध है।
Scan To Pay
SRI GOPAL GOSHALA TRUST MAHESH BANK, VANASTHLIPURAM BRANCH,
S/A NO. 025001100001224 IFSC CODE : APMC0000025
निवेदक : श्री गोपाल गौशाला ट्रस्ट (रजि.)
सम्पर्क सूत्र : तुलसीराम बंसल - 9247262215, सतवीर गर्ग - 9346098880, महावीरप्रसाद अग्रवाल - 9246340476, अर्जुन गोयल - 9390389055, विनोद गर्ग (ट्रस्टी-लेखा जोखा) - 9885237833
गोशाला व्यवस्थापक : राजूराम सेपटा - 8019106318, रमेश काबरा - 9290434314 एवं समस्त ट्रस्टीगण

माँ लक्ष्मी की कृपा आप पर सदा बनी रहे और आपका जीवन सुख, समृद्धि और सफलता से जगमगाता रहे।"
आप सभी को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश कुमार कड़ेल
(युवा भाजपा नेता)
सेल: 9849158366
जेठमल मुकेश कुमार सोनी (कड़ेल)
चुड़ी बाजार दरगाह, बेगम बाजार, हैदराबाद

श्रमिकों के अधिकारों के लिए संघर्षरत है बीएनआरकेएस



पेद्दापल्ली, 07 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। निर्माण श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए संघर्ष को और मजबूत करने के उद्देश्य से बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन वर्कर्स एसोसिएशन (बीएनआरकेएस) की चौथी जिला कांग्रेस का आयोजन 20 नवंबर को पेद्दापल्ली में किया जाएगा। यह सम्मेलन कुनाराम रोड स्थित आर.के. गार्डन में सुबह 11:30 बजे शुरू होगा।

एसोसिएशन के नेताओं ने शुक्रवार को पेद्दापल्ली जिला केंद्र स्थित प्रेस क्लब में सम्मेलन से संबंधित पर्चे जारी किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निर्माण श्रमिक इमारतों और पुलों के निर्माण में कड़ी मेहनत करके समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन इसके बावजूद शासक और राजनीतिक दल उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं। नेताओं ने चिंता जताई कि श्रमिकों के कल्याण के लिए एकत्र किए गए करोड़ों रुपये के उपकर (सेस) की राशि पात्र श्रमिकों तक पूरी तरह नहीं पहुंच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण श्रमिकों के कल्याण से संबंधित वर्ष 1996 के अधिनियम को भी प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा रहा है।

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
गौ माता,गौ माता की संतान की सेवा और पोषण क्षेत्र में कार्य कर रहा
Dhyan Foundation
Journey of Spirit
ध्यान फाउण्डेशन
आज अमावस्या
गौशाला
पेद्दाशापुर, गोलुर रोड
(स्टैच्यू ऑफ इक्वालिटी के समीप)
अवैध कत्लखानों से बचाए गए 4500 से अधिक गौवंश का घर
ध्यान फाउण्डेशन द्वारा पेद्दाशापुर, गोलुर रोड गौशाला तथा यादगिरीगुट्टशा में सहयोग नन्दीशाला में गौवंश की सेवा की जा रही है।
गौवंश हेतु गौशाला में चारे के विकट समस्या के कारण सभी से अनुरोध है कि कृपया गौशाला में सहयोग करें।
प्रति एकादशी सायं 4:30 बजे से इच्छापूर्ति यज्ञ का आयोजन
सभी गौभक्त अपना सहयोग एवं दान निम्नलिखित बैंक खाते में जमा करा सकते हैं।
Account Name : DHYAN FOUNDATION (Hyderabad Chapter)
A/c No. : 00812020002930 HDFC Bank, Himayathnagar Branch
IFSC Code : HDFC0000081 - Call : 9848046793, 9959996677
Donations Exempted Under Section 80G of Income Tax Act.
CSR Regn. No. CSR00003498 FCRA SB A/c. 40016350620
IFSC Code : SBIN0000691 SWIFT : SBININBB104



नरक चतुर्दशी, रूप चौदस एवं छोटी दीपावली के पावन अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री मुकुंद लाल अग्रवाल ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती संतोष अग्रवाल के साथ लोअर टैंकबंड स्थित माता महालक्ष्मी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने गौमाता को केले, गाजर एवं खीरे परोसकर श्रद्धापूर्वक गौसेवा की और सभी के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

शुभम करोति कल्याणम अरोग्यम धन संपदा।
शत्रु-बुद्धि विनाशायः दीपज्योति नमोस्तुते ।।
आप सभी को
दीपावली
के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं..!
शुभकामनाओं सहित
राधे राधे ग्रुप
हैदराबाद

निवेदक : कार्य समिति

ॐ शिव मंदिर गौशाला
पालमाकुल, शमशाबाद
OM SHIV MANDIR GOSHALA
MAHAVEER CO.OP.URBAN BANK LTD,
Shamshergunj Branch
C/A No. 003103000000072
IFSC CODE: HDFC0CMCUBL

शिव मंदिर गौशाला
शमशेरगंज, हैदराबाद
SHIV MANDIR GOSHALA
AP MAHESH BANK CO.OP.URBAN BANK LTD.
Begum Bazar Branch
C/A No. 002001200018617
IFSC CODE: APMC00002



दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
आज रविवार, 8-11-2026 एवं
कल सोमवार, 9-11-2026 अमावस्या है।
दीपावली के शुभ अवसर पर साक्षात माँ लक्ष्मी स्वरुपा गौमाता की सेवा करें।
जो पुरुष गौओं की सेवा करता है और सब प्रकार से उनका अनुगमन करता है, उस पर संतुष्ट होकर गौएँ उसे अत्यंत दुर्लभ वर प्रदान करती है। गौओंके साथ मन से भी कभी द्वेष न करें, उन्हे सदा सुख पहुँचाये, उनका यथोचित सत्कार करे और नमस्कार आदि के द्वारा उनका पूजन करते रहे। जो मनुष्य जितेन्द्रिय और प्रसन्नचित होकर नित्य गौओंकी सेवा करता है, वह समृद्धि का भागी होता है।

गोपाष्टमी
अन्नकुट महोत्सव
मंगलवार, दि.17-11-2026



9849379735, 9100353375, 7989734546

बंडी संजय ने 10,959 विद्यार्थियों की एसएससी परीक्षा फीस भरी



करीमनगर, 08 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने करीमनगर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे दसवीं कक्षा के 10,959 विद्यार्थियों की एसएससी परीक्षा फीस का भुगतान किया है।


शनिवार को भाजपा नेताओं ने करीमनगर, जगित्याल, राजन्ना-सिरसिल्ला, सिद्धिपेट और हनमकोंडा जिलों के कलेक्टरों को परीक्षा फीस के चेक सौंपे।

कुल 10,959 विद्यार्थियों में करीमनगर जिले के 4,356, राजन्ना-सिरसिल्ला के 3,920, सिद्धिपेट के 1,133, जगित्याल के 1,087 और हनमकोंडा जिले के 463 विद्यार्थी शामिल हैं।

इन सभी विद्यार्थियों की परीक्षा फीस के रूप में कुल 13.36 लाख रुपये का भुगतान किया गया।















स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.